हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 23 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 21.1 डिग्री



पुराना बस स्टैण्ड से शिव टाकीज जाने वाली सड़क के डिवाइडर पर लगा ग्रिल काटकर चोर ले गए हैं।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 23 मार्च को मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवा वितरण किया जाएगा। डॉ. राजेश शुक्ला एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल सुबह 10 से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क चेकअप व परामर्श देंगे।

### भूमिहार ब्राम्हण समाज का सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर।** भूमिहार ब्राम्हण समाज बिलासपुर द्वारा रविवार को शाम 5.30 बजे बुधवारी बाजार स्थित नाथ ईस्ट इंस्टीट्यूट आडिटोरियम फुटबॉल ग्राउण्ड में पारिवारिक होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर सहित अंबिकापुर, भिलाई, रायपुर, कोरबा के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष नवीन सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश दीक्षित, एसके राय, अभयनारायण राय, क्षेत्रीय पदाधिकारी पीएन राय, अमिय कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार, कुंदन कुमार, विकास कुमार, प्रभात कुमार, राजेश कुमार, संजय शर्मा, प्रशांत सिंह, डॉ. कमलेश मिथलेश पाण्डेय, अजेय शर्मा आदि सक्रिय है। उक्त जानकारी समाज के सचिव राजीव कुमार ने दी।

### भोजपुरी समाज का होली मिलन कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** भोजपुरी समाज बिलासपुर द्वारा रविवार को शाम 3.30 बजे ईमलीपारा स्थित भोजपुरी भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रह है। कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक विनोद हलचल अपने टीम के साथ होली और चईता की रंगारंग प्रस्तुति देंगे।

### फ्लाई एश ट्रक ओनर्स ने की जांच की मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ फ्लाई ऐश ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कलेक्टर से शिकायत कर एनटीपीसी के फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टेशन की जांच की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि एनटीपीसी द्वारा भारत माला प्रोजेक्ट और एसईसीएल की माइंस में राखड़ का परिवहन किया जा रहा है। इसमें एनटीपीसी ने क्यूबिक मीटर 5 से लेकर 6 रूपए तक की दर पूर्व में निर्धारित की थी। यह रेट अब 3.7 रुपए तक पहुंच चुका है। ट्रक ओनर्स का कहना है कि डीजल से लेकर टायर और पार्ट्स की कीमत बढ़ाने के कारण उन्हें यह काम करने में कठिनाई हो रही है। ट्रक ओनर्स ने मांग की है कि सीपत एनटीपीसी द्वारा की जा रही इस अनियमिता की जांच की जाए और जांच कमेटी में यूनियन के सदस्यों को भी शामिल किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में आसिफ शेख, विपिन राजपाल, विवेक पांडे, कौस्तुभ जायसवाल, अनुराग बोल, प्रदीप पनौरे आदि शामिल हैं।

### अनियंत्रित होकर बस पलटी, बड़ा हादसा टला



**बिलासपुर।** रतनपुर बेलगहना मार्ग में सड़क निर्माण के चलते एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुए है, जिससे बड़ा हादसा टल गया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, पुष्पराज बस सर्विस की बस शनिवार की सुबह शहर से यात्री लेकर पेंड्रा की ओर जा रही थी। पोड़ी सिल्ली मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कोई भी यात्री को चोट नहीं लगी है। सड़क निर्माण व रात में बारिश के चलते बस के पलट जाने की बात कहीं जा रही है।

# बारिश ने खोली बिजली व्यवस्था की पोल, अंधेरे में डूबा रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महज घंटे भर के तेज हवा और बारिश ने बिजली विभाग की पोल खोल कर रख दी। शुक्रवार की रात 2 बजे अचानक हुई बारिश के बाद शहर में अंधेरा छा गया। 33 केवी सबस्टेशन से आई खराबी के चलते पूरे इलाके अंधेरे में डूब गए। इसके बाद धीरे-धीरे फीडर चालू किया गया, लेकिन बारिश के कारण कई फीडरों में फाल्ट की समस्या रही। बिजली कर्मचारियों शनिवार की शाम तक सप्लाई नार्मल करते रहे।

- शुक्रवार की आधी रात 2 बजे से घंटों रही बिजली बंद
- जवाली नाला सड़क पर गिरा पेड़, सुबह दुरूस्त की गई सप्लाई




मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम बदल गया है, शुक्रवार को गरज चमक के साथ बारिश हुई, जिसके बाद तिफरा और अन्य सबस्टेशनों से निकलने वाली 33 केवी लाइनों में फाल्ट आ गया। वहीं गरज चमक के चलते सबस्टेशन अचानक बंद हो गए। इस दौरान रात 2 बजे बिजली बंद हो गई, जिसके बाद उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। रात में गर्मी और मच्छरों के आतंक के चलते लोगों को रतजगा तक करना पड़ा, हालांकि बिजली अधिकारियों ने करीब 2 घंटे के भीतर बिजली व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया, लेकिन यह नाकाफी था। कई इलाकों में रात भर बिजली की आंखमिचौली जारी रही, और इसे सुधारने शनिवार को बिजली अधिकारी और कर्मचारी फील्ड पर डटे रहे। खास बात यह है कि जवालीनाला सड़क पर पेड़ की डंगाल गिरने के कारण क्षेत्र की बिजली दिन में कई बार बंद और शुरू की गई। वहीं तालापारा और भारतीय नगर क्षेत्र में तार टूटने के कारण बिजली बाधित रही, इसके सुधारने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

### फ्यूज कॉल में नहीं उठा फोन

बिजली बंद होने पर उपभोक्ताओं के द्वारा फ्यूज कॉल पर फोन किया जाता है, लेकिन फ्यूज कॉल में दिए गए नंबरों पर बिजी टोन मिलता है। खास बात यह है कि रात 12 बजे के बाद इन नंबरों पर इंकमिंग कॉल नहीं की जा सकती है। इंदू चौक, श्याम टाकिज, अशोक नगर, राजकिशोर नगर, तोरवा सहित अन्य कार्यालय में बने फ्यूज कॉल नंबरों का एक सा हाल है।

## द्रोणिका का प्रभाव, अंधड़ के साथ हुई बारिश, मौसम खुशनुमा



पश्चिमी विक्षोभ के चलते बनी द्रोणिका के प्रभाव के चलते मौसम बदल चुका है। शनिवार को जहां सुबह से ही सूरज बादलों के बीच छुपता रहा, वहीं शाम ढलते ही मध्यम गति से अंधड़ चली और थोड़े देर में हल्की बूंदाबांदी होने लगी,इस दौरान सड़कें भीग गईं और मौसम खुशनुमा हो गया।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव को देखते हुए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है, इस दौरान बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। शनिवार को प्रदेश के करीब 12 जिलों में बारिश और ओले गिरे हैं, जिससे फसलों को नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है। वहीं शनिवार को जिले में भी मौसम बदला-बदला सा रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री की कमी देखी गई और पारा 31.6 डिग्री दर्ज किया गया हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई फर्क नहीं पड़ा है ऐसे में दिन में राहत मिल रही है लेकिन रात में स्थिति सामान्य बनी हुई है, हालांकि पंखा बंद होते ही रात में गर्मी सताने लगती है।

### सब्जियों की खेती पर पड़ेगा असर

जानकारों के मुताबिक बारिश का पानी धान की फसल के लिए ठीक है लेकिन गेहूं, सरसों, अरहर की फसल ओलो गिरने की वजह से खराब हो जाएंगें। वहीं बादलों की वजह से सब्जियों पर विपरित असर पड़ेगा। टमाटर की फसल को नुकसान हो सकता है। वहीं आने वाले दिनों में सब्जियां महंगी हो जाएंगी।

## सरकार का राजस्व घटा, फिर भी नहीं हो सकी वसूली

# उद्योगों पर जलकर का करोड़ों बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर दिन लाखों लीटर पानी जमीन और सरफेस वाटर के तौर पर उद्योगों द्वारा खपत की जा रही है, इसके बावजूद उद्योगपतियों द्वारा सालों से जलकर का एक रूपया भी नहीं पटाया गया है। उद्योगों से करोड़ों रूपए की वसूली की जानी है, लेकिन विभाग महज नोटिस देकर भूल जा रहा है।

- नगर निगम ने सालों से नहीं पटाया है 45 करोड़ रूपए

जलसंसाधन विभाग द्वारा हर माह उद्योगों को जलकर का बिल भेजा जा रहा है, लेकिन सिलपहरी, तिफरा, सिरगिट्टी सहित जिले के 10 से अधिक क्षेत्रों में बसे उद्योगों द्वारा जलकर का भुगतान नहीं किया जा रहा है, लंबित बिल की राशि अब करोड़ों में पहुंच चुकी है। खास बात यह है कि विभाग महज नोटिस देकर खानापूर्ति कर रहा है, ऐसे में उद्योग धंधों से करोड़ों कमाने वाले उद्योगपतियों से जलकर की वसूली नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि जलकर में कई सरकारी संस्थान हैं, इनका बिल लाखों में है, लेकिन निजी उद्योगपतियों की जलकर राशि करोड़ों रूपए में है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वसूली के लिए नियमित तौर पर बिल भेजा जा रहा है, लेकिन उद्योगपति भुगतान करने का नाम नहीं ले रहे हैं, ऐसे में अब अधिकारी इसे लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कह रहे हैं।



### सरकार को होती है राजस्व की हानि

जलसंसाधन विभाग को जलकर की राशि से राजस्व मिलता है और यह राजस्व की राशि सीधे सरकारी खजाने में भेजी जाती है, करीब 10 सालों से लंबित जलकर की राशि करोड़ों रूपए में पहुंच चुकी है, जिसके चलते सरकार को सीधे तौर पर राजस्व की हानि हो रही है। यह राशि जलसंसाधन विभाग को मिलने वाले बजट में शामिल करने पर निस्तारी और अन्य मदों में खर्च की जा सकती है और अधोसरंचना का विकास संभव हो सकता है।

### इन उद्योगों पर है करोड़ों बकाया

- क्लीन कोल गतौरा- 31 लाख 4 हजार
- इन मल्टी सर्विस- 5 लाख 44 हजार
- बिलासपुर माइनिंग- 9 लाख 90 हजार
- सत्या पॉवर-94 लाख 72 हजार
- कोलवाशरी- 2 करोड़ 85 लाख
- जोडियाक डिलक्स- 3 करोड़ 26 लाख
- ब्रज आयरन- 26 लाख 91 हजार
- नगर निगम बिलासपुर- 45 करोड़ 59 लाख
- वाइन मर्चेंट-160 करोड़
- रेलवे- 167 करोड़ 87 लाख
- एसईसीएल - 623 करोड़ 18 लाख
- नोवा आयरन- 529 करोड़ 88 लाख

**एसईसीएल और रेलवे भी शामिल :** खास बात यह है कि जहां निजी उद्योगपतियों के द्वारा जलकर का भुगतान नहीं किया है, वहीं इस लिस्ट में एसईसीएल और रेलवे जैसे सरकारी उपक्रम भी शामिल है, इन उपक्रमों से करोड़ों रूपए की वसूली की जानी है। बिलासपुर नगर निगम भी महीनों से जलसंसाधन विभाग का 45 करोड़ रूपए भुगतान नहीं कर सका है।

### हर माह होना चाहिए भुगतान

उद्योगों को हर माह बिल जारी किया जाता है, इसका भुगतान हर माह किया जाना चाहिए, लेकिन कुछ उद्योगों ने सालों से भुगतान नहीं किया गया है। हमने नोटिस जारी किया है।

- मधु चंद्रा, ईई, जलसंसाधन विभाग

# फर्जी चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टरों को लेकर आई पुलिस

## सूरजपुर जेल से लाए गए, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में फरार फर्जी चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टर को रतनपुर पुलिस सूरजपुर जेल से प्रोडक्शन रिमांड में लेकर आई है। दो दिन की पुलिस रिमांड लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

पूर्व में फर्जी पीएसीएल कंपनी ने शहर में कार्यालय खोलकर बड़ी संख्या में लोगों को जमीन दिलाने का झांसा देकर पैसा जमा कराया और करोड़ों रुपए जमा होने के बाद कंपनी के डायरेक्टर कार्यालय बंद कर शहर छोड़कर भाग गए थे। रतनपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग भी फर्जी कंपनी से ठगी के शिकार हुए थे। वर्ष 2018 में लोगों की शिकायत पर रतनपुर थाने में फर्जी कंपनी के डायरेक्टर सहित अन्य लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान को जानकारी मिली कि सूरजपुर पुलिस ने फर्जी कंपनी के दो डायरेक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शनिवार को टीआई श्री चौहान सूरजपुर जाकर वहां के कोर्ट से प्रोडेक्शन रिमांड लेकर डायरेक्टर गुरूमीत सिंह, सुब्रतो भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर शहर लेकर आई और कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने पुलिस रिमांड की मांग की गई। कोर्ट ने दो दिन के रिमांड में दोनों फर्जी डायरेक्टरों को रतनपुर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ करने में लगी हुई है।

# पंचायत सचिवों को काम पर लौटने का अल्टीमेटम

## शासन ने सचिवों की हड़ताल को लेकर बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचायत सचिवों की हड़ताल को लेकर शासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। शासन ने हड़ताली पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर वापस लौटने का अल्टीमेटम दिया है। आदेश की अवहेलना करने वाले पंचायत सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

पंचायत विभाग के संचालक द्वारा सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश के ग्राम पंचायतों में कार्यरत समस्त ग्राम पंचायत सचिव अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश के ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल की वजह से ग्राम पंचायतों द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवाओं तथा हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए सभी हड़ताली ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर अपने कर्तव्य पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं और निर्देश की अवहेलना करने पर ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### 17 मार्च से चल रही हड़ताल

पंचायत सचिव संघ सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर 17 मार्च से हड़ताल पर चल रहे हैं। 17 मार्च को प्रदेशभर के सचिव रायपुर विधानसभा का घेराव करने गए थे, किन्तु विधानसभा तक पहुंच नहीं पाए। इसके बाद प्रदेश पंचायत 18 मार्च से पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गया। पंचायत सचिवों ने मोदी की गारंटी याद दिलाते हुए शासकीयकरण की एक सूत्रीय मांग सरकार के सामने रखा है।

# मुख्य तकनीकी परीक्षक ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** मुख्य तकनीकी परीक्षक आर पुराम के नेतृत्व में टीम बिलासपुर सहित मुंगेली और जीपीएम जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कराई जा रहे दर्जन भर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

- जिला कोर्ट बिल्डिंग में लेबर कैंप अन्यत्र स्थापित करने के निर्देश



श्री पुराम ने सबसे पहले डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बिल्डिंग का मुआयना किया। भवन में प्रयुक्त किये जा रहे सामग्रियों के परीक्षण हेतु नमूने एकत्र किया, जिसे रायपुर के प्रयोगशाला में जांच कर संबंधित विभाग को रिपोर्ट प्रेषित किया जाएगा। नमूने के रूप में मुख्य रूप से इस्तेमाल किया जा रहे ईंट, छड़ और स्टील के नमूने लिए गए। भवन में कालम तथा कंक्रीट की गुणवत्ता की जांच एनडीटी उपकरणों के द्वारा किया गया। प्रत्येक तल में बीम और कालम का परीक्षण किया गया, जिसका रिपोर्ट मानक स्तर पर पाया गया। स्थल पर स्थापित लैब का भी निरीक्षण सतर्कता परीक्षा द्वारा किया गया। सुरक्षा उपकरण सूची ठेकेदार से ली गई। कब-कब कैलिब्रेशन किया गया, इसकी जानकारी भी ली गई। ठेकेदारों द्वारा नियुक्त तकनीकी अमलों की सूची भी ली गई। श्री पुराम ने बहतराई स्थित हॉकी स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गैलरी में बैठने के लिए जो बीम डाला जा रहा है, वह स्वीकृत ड्राइंग के अनुरूप नहीं है। उन्होंने डिजाइनर की सलाह लेकर इसे सुधारने के निर्देश दिए। ईंट और रॉड का सैंपल भी लिया गया। कंक्रीट की जांच उपकरणों से की गई। प्रयोगशाला अलग से स्थापित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सतर्कता आयुक्त ने इसके बाद मुंगेली से पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। चल रहे डामरीकरण कार्य को चेक किया। डामर के सैंपल लिए। रोड में डामर का तापमान भी नापा गया। रोड में एक स्थान परमाइनर ब्रिज का निर्माण हो रहा है, इसके अबेटमेंट में उखड़ा हुआ डामर वेस्ट को डाला जा रहा था, इसके बदले सिलेक्टेड सॉइल डालने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सतर्कता आयुक्त की टीम ने पेंड्रा रोड में जल संसाधन विभाग के निर्माण अधीन मुख्य नहर की भी जांच की। नहर में मिट्टी के कंप्रेशन ठीक से करने के निर्देश दिए। कंक्रीट की गुणवत्ता सुधारने कहा गया। उन्होंने कोटा सबडिवीजन में गोसारी एनीकट व खारंग डिवीजन में चिल्हाटी स्टाप डैम का निरीक्षण किया गया । समय अवधि में गुणवत्ता पूर्वक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । जल जीवन मिशन के अंतर्गत मुंगेली के मटकू समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण भी किया ।

## 24 घंटे चलानी पड़ रही है मशीनें, 12 घंटे की ड्यूटी इसलिए डाक्टर छोड़ देते हैं नौकरी

# रेडियोलॉजी विभाग : 11 पद में 1 नियमित डॉक्टर, 2 बांड के डाक्टरों से चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, जांच के लिए रेडियोडाइग्नोसिस विभाग में डाक्टर की कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 11 नियमित डाक्टरों की भर्ती के बजाए एक ही पद पर भर्ती हो सकी है, जबकि 2 बांड के डाक्टरों से विभाग चलाया जा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में मरीजों के बढ़ते ही व्यवस्था चरमराने की आशंका है।

सिम्स के रेडियोडाइग्नोसिस विभाग में जबरदस्त दबाव बना हुआ है, अपर्याप्त डाक्टरों के बावजूद वर्तमान में पेंडेंसी लगातार घट चुकी है। रेडियोलाजी विभाग में 11 रेडियोलॉजिस्ट पद स्वीकृत हैं, जिसमें 3 एमडी रेडियोलॉजिस्ट काम कर रहे हैं, इसमें भी महज 1 प्रोफेसर ही नियमित है, बाकी डाक्टर राज्य सरकार द्वारा 2 बांड पर उपलब्ध कराए गए हैं। इन डाक्टरों के बांड अवधि इसी साल जून में समाप्त हो रही है, ऐसे में समय रहते डाक्टरों की भर्ती न होने पर मरीजों की जांच प्रभावित होने की आशंका है। रेडियोलॉजी विभाग के जांच में एक डाक्टर पर 150 से अधिक जांच का जिम्मा होता है। ऐसे में प्रतिदिन एक्सरे के 250, सोनोग्राफी के 60, एमआरआई के 7-8, सीटी स्केन के 50 जांच कराई जा रही है। हालत यह है कि सुबह 8 बजे से शुरू की गई सोनोग्राफी की मशीन रात 9 बजे तक चलती है, ऐसे में जहां मशीन की क्षमता पर असर पड़ रहा है। वहीं इस काम में लगे डाक्टर, रेडियोग्राफर, टेक्नीशियन पर भी दबाव बना हुआ है। दरअसल मरीजों की संख्या अधिक होने पर सिम्स में सोनोग्राफी में वेटिंग की समस्या रही है, लेकिन पिछले 2 महीने से लगातार 12 घंटे डाक्टर काम कर रहे हैं, जिसके चलते एक भी वेटिंग नहीं है।




### डाक्टर नहीं मिलने का यह कारण

रेडियोलॉजी विभाग को पर्याप्त डाक्टर नहीं मिलने का बड़ा कारण शासकीय सेवा में पर्याप्त सैलरी का अभाव है। महज एक लाख की सैलरी में कोई भी डाक्टर रेडियोलॉजी विभाग में नौकरी के लिए तैयार नहीं है, पढ़ाई के बाद सीधे बिजनेस के तौर पर जांच सेंटर खोल डाक्टरों को अच्छा खास मुनाफा होता है, जबकि सिम्स जैसे शासकीय अस्पताल में मरीजों का दबाव डाक्टरों की हालत पस्त कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा बांड के डाक्टरों की भर्ती की जाती है, लेकिन सिम्स में मरीजों का दबाव देखते हुए कई बार डाक्टर बांड पूरा किए बगैर ही नौकरी छोड़ जाते हैं।

### कई बार किया गया पत्राचार

डाक्टर व स्टाफ भर्ती राज्य सरकार द्वारा की जाती है, सिम्स के रेडियोडाइग्नोसिस विभाग में 11 पद स्वीकृत हैं। बांड के डाक्टर वर्तमान में काम कर रहे हैं। पर्याप्त डाक्टर नहीं होने के लिए डाक्टर पर दबाव बना हुआ है। हमनें कई बार इस बारे में पत्राचार किया है। हम लोगों ने एक्सपर्ट डाक्टर लाने का प्रयास किया है लेकिन इसमें विफलता मिली है।

- डॉ. अर्चना सिंह, एचओडी, सिम्स

### बार-बार बिगड़ती है मशीनें

रेडियोडाग्नोसिस विभाग में करोड़ों रूपए की मशीनें लगाई गई हैं, अपर्याप्त डाक्टर और टेक्नीशियन के बावजूद मरीजों के दबाव के कारण डाक्टरों को काम करना पड़ रहा है, लेकिन मशीनें जबाव दे रही हैं। प्रबंधन को सुधार कार्य कराने में समय भी लगता है, ऐसे में मशीनों के बिगड़ने से रोकने के लिए मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स और एयर कंडीशनर इंजीनियरिंग की भर्ती की आवश्यकता पड़ रही है।

### डाक्टर लिख रहे सीटी स्केन

जानकारों के अनुसार सीटी स्केन और एमआरआई की जांच रूटीन जांच नहीं है, इसकी जांच से पहले सोनोग्राफी और एमआरआई जांच कराई जा सकती है, लेकिन न्यूरो और सर्जरी विभाग के डाक्टरों के द्वारा सीधे तौर पर सीटी स्केन जांच लिख दी जाती है। ऐसा ही सोनोग्राफी के साथ भी है। सिम्स के गायनिक विभाग में पहले से ही सोनोग्राफी मशीन लगाई गई है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के रूटिन चैकअप के दौरान गायनिक विभाग द्वारा सोनोग्राफी नहीं की जाती है, गर्भवती महिलाएं भी रेडियोलॉजी विभाग में ही सोनोग्राफी करा रही हैं, जिससे मरीजों की संख्या बढ़ती है। वर्तमान में रोजाना 30 से अधिक सीटी स्केन कराई जा रही है, जिसमें गंभीर मरीजों को तुरंत ही फिल्म प्रदान की जा रही है। एमआरआई जांच में 1 जांच के पिछले लगभग 2 घंटे का समय लगता है, ऐसे में पर्याप्त डाक्टर नहीं होने के कारण कई बार रिपोर्ट देने में समय लगता है, वहीं जांच भी प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक कार्यालय में आज

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक रविवार दोपहर 1 बजे जिला कार्यालय में आयोजित की जा रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता एवं गुरमीत सलुजा ने बताया कि भाजपा जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक रविवार को दोपहर 1 बजे अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में होगी। बैठक में 30 मार्च को प्रधानमंत्री के बिल्हा क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा में आगमन आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### नपं अध्यक्ष व पार्षदों ने की सीएम सहित अन्य मंत्रियों से मुलाकात



**पथरिया।** नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव व पार्षदों ने शनिवार को विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर नगर विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। विधायक धरमलाल कौशिक के नेतृव में नगर के जनप्रतिनिधियों ने सीएम विष्णुदेवसाय, डिप्टी सीएम अरुण साव से भेंटकर कार्ययोजना और मांग पत्र सौंपा। हुलसी ने इस मुलाकात को नगर विकास के लिए सकारात्मक ऊर्जा देने वाला बताते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक के मार्गदर्शन में विकसित नगर बनाने के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से आशीर्वाद लिया है। साथ ही भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं और आशीर्वाद से एक विकसित और भ्रष्टाचार मुक्त नगर पंचायत पंचायत बनाने का संकल्प लिया है।

### यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक देवेन्द्र

**मुंगेली।** भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव शनिवार को यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समुदाय के लोगों के साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अभिलाष सिंह सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली निकाल कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। गौरतलब हो कि यादव समाज द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रखा गया था, जिसमें भिलाई विधायक एवं यादव समाज के चेहरे के रूप में देवेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

## निधन

### सरोज गुप्ता

**बिलासपुर।** रतनपुर निवासी सरोज



गुप्ता (गनियारी वाले) का शनिवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम गनियारी स्थित मुक्तिधाम में रविवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे स्व. बलीराम गुप्ता के पुत्र, शुभी एवं नियति गुप्ता के पिता एवं रामवतार, ध्रुव व राजेन्द्र गुप्ता के भाई थे।

### विश्वनाथ सिंह

**बिलासपुर।** बैगा नगोई के पूर्व उप



सरपंच ठाकुर विश्वनाथ सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सतीश, प्रकाश चंद्र के पिता, रामचंद्र क्षत्री, दीपचंद्र, कृष्णचन्द्र के चाचा व सुभाष ठाकुर के बड़े मामा थे।

### शीला भट्टाचार्य

**बिलासपुर।** उसलापुर अल्का एवेन्यू



निवासी टॉउन एंड कंट्री प्लानिंग से रिटायर्ड लक्ष्मीनारायण भट्टाचार्य की धर्मपत्नी श्रीमती शीला भट्टाचार्य का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 23 मार्च को सुबह 11.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मलय भट्टाचार्य, ज्योति गोस्वामी व अपराजिता चटर्जी की माता थी।

### जयप्रकाश अग्रवाल

**बिलासपुर।** गंगा नगर फेस-2 निवासी



जय प्रकाश अग्रवाल का शनिवार को शाम 7 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे स्व. राम निवास अग्रवाल खरसिया वाले के पुत्र व अमित अग्रवाल के पिता थे।

### ताराचंद रामनानी

**बिलासपुर।** तोरवा निवासी ताराचंद



रामनानी का शनिवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 1 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. वाधूमल रामनानी के बड़े पुत्र, सुरेश, शंकर, अमर के पिता, लक्ष्मण, भरत, राजेश, प्रताप, सुनील, मनोहर, संजय के भाई, श्यामलाल रामनानी के चाचा, श्यामलाल के जीजा व धीरज, अंश, वंश और निवान के दादा थे।

मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं पंचायत सचिव

# आंदोलन पर अड़े पंचायत सचिव, जलाया आदेश



लोरमी में सरकार के आदेश की प्रति जलाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

प्रदेश के पंचायत संचालनालय ने 22 मार्च को पूरे छग के पंचायत सचिवों को तत्काल काम पर लौटने के लिए जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसी क्रम में ब्लॉक मुख्यालय में शनिवार को आदेश की कॉपी सभी सचिवों को दी गई गया, लेकिन पंचायत सचिवों ने आदेश की प्रति को जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मोदी की गारंटी पूरी नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा घेराव, 18 मार्च से लोरमी जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चितकालिन हडताल एवं 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव किए जाने की सूचना देकर हड़ताल की गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों का शासकीकरण करने का वादा किया गया था, लेकिन इस संबंध में बजट सत्र में सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं करने पर हड़ताल का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष राजकुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रूपेन्द्र पटेल, चन्द्रहास साहू, हरिश वैष्णव, गरिमा कैवर्त, संयोजक चित्रागद जायसवाल, सचिव शत्रुहन लाल डड़सेना, सह सचिव रीता लुनिया, महासचिव बेनीराम यादव, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश मरावी, संगठन सचिव ईश्वर कश्यम हरि कुंभकार, कौशलेन्द्र राजपूत, मुख्य प्रवक्ता ओमनारायण तिवारी, प्रवक्ता लता खत्री, सलाहकार महमूद बेग, केकमदास घृतलहरे, सहसंयोजक शरद सोनी, भूपेन्द्र कश्यप, मुन्नी ध्रुव, मिडिया प्रभारी सरजूराम साह, शारदा मानिकपुरी, सोशल मिडिया प्रभारी, रोहित साहू, कौशलेन्द्र राजपूत सहित मालिक राम अनन्त सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## सचिवों की हड़ताल से मूलभूत सुविधाएं बाधित



पथरिय में आदेश की प्रति जलाते हुए।

**पथरिया।** जनपद क्षेत्र के 96 पंचायतों के सचिव विगत चार दिनों से हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे क्षेत्र के 150 गांवों के मूलभूत सुविधाएं, विकास कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी तरह से बाधित हो रहा है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही असुविधाओं पर संज्ञान लेते हुए शासन ने आदेश जारी कर सचिवों को काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया एवं अल्टीमेटम के अनुसार काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। शुक्रवार को जारी शासन के आदेश से पंचायत सचिव अधिक आक्रोशित दिखे और जनपद स्थित धरना स्थल पर प्राप्त अल्टीमेटम की प्रति को जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया है। इस अवसर पर सचिव संघ छत्तीसगढ़ के विकासखंड अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय बीजेपी ने हमारा शासकीकरण करने की बात अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 13 महीने बाद भी मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया गया है। संघ के सचिव रामेश्वर साहू ने बताया शासकीकरण की मांग कई वर्षों से कर रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में संकट

पंचायत सचिवों की मांग और शासन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल का हल नहीं निकल पाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बनने लगी है। नए राशनकार्ड और नवनीकरण के कार्य भी बंद हैं। इसी तरह किसानों की जमीनों का पंजीयन कार्य और आवास योजना के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### सरपंचों का कार्यभार अटका

वहीं दूसरी ओर इससे नवनिर्वाचित सरपंचों का कार्यभार भी अटक गया है। इस कारण वो भी कुछ कर नहीं पा रहे। बता दें कि क्षेत्र के 80 फीसदी पंचायतों में सरपंच नए हैं। ऐसे में उनको चुनाव जीतने के बाद खाली बैठना पड़ रहा है एवं वे गांव की समस्याओं का निराकरण भी नहीं कर पा रहे हैं।

### अल्टीमेटम दिया गया

ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर हड़ताल खत्म करने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। सचिवों द्वारा इसके उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

**- बीआर ठाकुर,** एसडीएम पथरिया

## आदेश की प्रतियां जलाकर जताया आक्रोश



**तखतपुर।** शासन के दमनकारी आदेश की प्रतियां जलाकर तखतपुर सचिव संघ ने आक्रोश जताया। 18 मार्च से पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव आंदोलन पर हैं। संचालनालाय द्वारा 20 मार्च को सचिवों को हड़ताल से वापस लौटने का दमनकारी आदेश जारी किया गया, जिसके विरोध में सचिव संघ तखतपुर ने जिलाध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्याम कार्तिक जायसवाल के नेतृत्व में आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ओमनारायण तिवारी, सालिक सिंगोरे, त्रिभुवन मेहर, राधेलाल चतुर्वेदी, अभ्युदय तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## डिप्टी सीएम साव के निर्देश पर खुला खुड़िया जलाशय का गेट, मिलेगी राहत

**लोरमी।** विकासखंड के ग्राम खुड़यिा में स्थित राजीव गांधी जलाशय का गेट खोल दिया गया है। डिप्टी सीएम अरुण साव के निर्देश व कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे ग्रामीणों को निस्तारी जल उपलब्ध होगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा ने बताया कि जलाशय में वर्तमान में 65 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। डिप्टी सीएम के निर्देशानुसार जलाशय से 200 क्यूसेक पानी नहर व नदी के माध्यम से छोड़ा गया है, जिससे क्षेत्र के तालाबों और मनियारी नदी पर निर्मित एनीकटों को भरा जाएगा। इससे ग्रामीणों को निस्तारी के लिए जल की सुविधा मिलेगी। साथ ही पशुपालन और विभिन्न कार्यों में भी राहत मिलेगी। जलाशय का गेट खुलने के बाद क्षेत्र के लोगों ने डिप्टी सीएम , कलेक्टर व प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि क्षेत्र के लोगों ने अरुण साव से मुलाकात कर खुड़यिा जलाशय से पानी छोड़े जाने की मांग की थी। आमजनों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तत्काल गेट खोलने के निर्देश दिए और जलाशय से पानी छोड़ा गया।

- डिप्टी सीएम के निर्देश पर खुला खुड़यिा जलाशय का गेट, आमजनों को मिलेगी राहत

## हाइवा की टक्कर से वकील का पैर कटा, सिम्स रेफर



**तखतपुर।** पेशी के लिए अपनी दुपहिया से कोर्ट जा रहे अधिवक्ता को हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे उसका बांया पैर कट गया। घायल अधिवक्ता को 112 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार सेवती बिल्हा निवासी अधिवक्ता सुभाष बंजारे अपनी दुपहिया से मुंगेली कोर्ट जा रहे थे। बेलसरी मोड़ के पास हाइवा सीजी 10 बीएक्स 0793 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुभाष बंजारे को टक्कर मार दी। जिससे उसका बायां पैर जांघ से ऊपर तक कट गया। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें सिम्स रिफर किया गया। मामले में पुलिस ने हइवा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेटना में लिया है। दुर्घटना के बाद नगर में कांग्रेस पार्षद और अध्यक्ष प्रतिनिधि ने तखतपुर थाने जाकर थानेदार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि भारी वाहनों को तखतपुर के पहले बायपास से गुजारा जाए।

## अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई, एक हाइवा व 10 ट्रैक्टर जब्त



**मुंगेली।** जिले में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सरगांव क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध परिवहन करते हुए 1 हाइवा और 10 ट्रैक्टर को जब्त किया है।

इन सभी वाहनों को थाना सरगांव में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया और संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक टीम लगातार सक्रिय है। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला खनि अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि विभिन्न स्थानों से सूचना प्राप्त होने पर टीम ने सरगांव क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान हाइवा सीजी 11 बीई 3111 चालक विष्णु साहू, ट्रैक्टर सीजी 11 एआर-8703 चालक छन्नू ध्रुव, सीजी 28-एच-9967 चालक सुंदर लाल ध्रुव, सीजी 28-एल-7426 चालक अश्वनी कौशल, सोनालिका सोल्ड चालक लोकेश महिलांग, सीजी 10-डी-6248 चालक लक्की साहू, सीजी 28-ई-3654 चालक रमेश साहू, सीजी 31-ए-2866 चालक बहोरिक निषाद, सीजी 10-बीआर-3337 चालक गोपाल निषाद, सीजी 28-आर-1706 चालक मुकेश निषाद और सीजी 28-पी-2690 चालक हेमंत साहू वाहन द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर ही वाहनों को रोक कर जब्त कर लिया गया। सभी वाहन अब सरगांव थाना में पुलिस अभिरक्षा में हैं और खनिज अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## बच्ची के मैसेज पर छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचीं कलेक्टर



छात्राओं से बातचीत करतीं कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी।

**भर्रीडांड़।** बच्चे जब छुट्टी में घर गए थे तब छात्रावास की एक बच्ची ने कलेक्टर को व्हाट्सएप में मैसेज कर छात्रावास की अव्यवस्था के संबंध में अवगत कराते हुए छात्रावास आने का निवेदन किया था। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने बच्ची की बात को तत्काल संज्ञान में लेते हुए निमधा के कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गोपेश मनहर भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका की अनुपस्थित पाई गई, जिसके लिए अधीक्षिका को नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के द्वारा बच्चों से चर्चा की गई, जिसमें बच्चों ने बताया कि शौचालय में पानी की सप्लाई नहीं होता है। खाने में सिर्फ आलू और पत्तागोभी की सब्जी मिलती है। यहां तक की दाल भी प्रतिदिन नहीं दी जाती। बच्चों के पालक उनसे मुलाकात करने छात्रावास आते हैं तो बाहर धूप में ही उनसे मिलाया जाता है। उक्त सभी समस्याओं के निराकरण एवं व्यवस्था में सुधार लाने कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्रीमैट्रिक कन्या आदिवासी छात्रावास एवं प्रीमैट्रिक बालक आदिवासी छात्रावास सिवनी का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था, बच्चों के रहन सहन एवं साफ सफाई का अवलोकन किया। साथ ही रसोई रूम में राशन सामग्री की गुणवत्ता एवं स्टॉक की उपलब्धता मेन्यू के अनुसार दी जाने वाली भोजन एवं नाश्ते की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से चर्चा की और उनके अध्ययन अध्यापन तथा अन्य तरह की समस्याओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने संबंधित अधीक्षकों को छात्रावास परिसर में साफ-सफाई रखने तथा कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### भक्त माता कर्मा जयंती को पर्व के रूप में मनाएगी कांग्रेस

**बिलासपुर।** साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की जयंती 25 मार्च को है। बिलासपुर जिले में इस बार जयंती का स्वरूप बढ़ाने के साथ ही इसे पर्व के रूप में मनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को पत्र लिखा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने ब्लॉक अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को भक्त माता कर्मा जयंती के पूर्व गांव-गांव, घर-घर जाकर अभियान चलाने और लोगों से संपर्क करने की बात कही है। जिलाध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि भक्त माता कर्मा जयंती को इस बार भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ब्लाक मुख्यालयों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जयंती के अवसर पर सहभागिता बढ़ाने के साथ ही साहू समाज के पदाधिकारियों, युवाओं व महिलाओं की सहभागिता के साथ ही अन्य समाज के लोगों को जोड़ने और सामाजिक समरता का संदेश देते हुए जयंती के अवसर पर सबकी सहभागिता की होने की बात कही है।

### कांग्रेसियों ने अनीता शुक्ला को दी बधाई



**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र क्रमांक-4 की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अनीता शुक्ला को बधाई देने कांग्रेसी नेता शनिवार को उनके निवास पहुंचे। जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव यादव, दीपक राठोर, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष धनंजय यादव, मणिशंकर शर्मा, रमाकांत ठाकुर, नागेन्द्र, आशीष, शिवा श्रीवास, गौरव शर्मा सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल थे।

### आयुष कालेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**बिलासपुर।** आयुष कालेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग और स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में नवीनतम विकास एवं पेशेवर कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती दुर्गावती कुंजाम द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ. रूपा वर्मा, डॉ. वर्तिका गौराहा, श्रीमती नीतू त्रिपाठी, डॉ. रोजा प्रिंसी एवं डॉ. रचना अब्राहम सम्मिलित हुईं। इस कार्यशाला का उद्देश्य नवाचार एवं अनुकूलनशीलता को बढ़ावा देना, अंतरपीढ़ी छात्र सहयोग, डिजिटल हेल्थ लीडरशीप एवं रेजिलिएंट लीडरशिप के बारे में जानकारी देना था। सत्र की शुरूआत प्रोफेसर डॉ. रूपा वर्मा ने की। जिसमें उन्होंने लीडरशीप के बारे में बताते हुए कहा कि लीडरशीप का मतलब केवल अधिकार का होना नहीं बल्कि नर्सों के बीच सहयोग, समर्पण एवं प्रेरणा की भावना पैदा करना है। नर्सिंग पेशे में लीडरशीप का महत्व अधिक है, क्योंकि यह न केवल रोगियों की देखभाल में सुधार करता है बल्कि नर्सों के पेशेवर विकास को भी बढ़ावा देता है। इस दौरान सोवेनीयर किताब का विमोचन उपस्थित अतिथियों करकमलों द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य गतिविधियों जैसे कि व्याख्यान, पैनल चर्चा एवं प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन सत्र में आयुष कलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या, श्रीमती जेनेट नंद ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### छोटे भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**बिलासपुर।** बंटवारे के विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, पावर हाउस चौक निवासी शैलेष मसीह का मां व भाईयों के साथ पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। शनिवार की रात उसी बात को लेकर शैलेष मसीह छोटे भाई दाउद मसीह के साथ गाली गलौज करने लगा। दाउद ने विरोध किया तो शैलेष मसीह ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ जान लेवा हमला कर दिया। भाईयों के बीच चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घरवाले गंभीर अवस्था में दाउद मसीह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराए। पुलिस हमलावर के तलाश में जुट गई है। पिछले साल बंटवारे के विवाद में शैलेष मसीह ने अपनी मां पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया था। उस दौरान उसके खिलाफ तोरवा थाने में मामला दर्ज हुआ था।

बिलासा ताल में कछुआ, सांप, कुंआ की आकर्षक कलाकृतियां लुभा रही बच्चों को

# टायरों से बनाई गईं कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोनी में संचालित जर्जर बिलासा ताल अब नए कलेवर में नजर आना शुरु हो गया है। यहां विभागीय अधिकारियों ने अनुपयोगी और पुराने टायरों का उपयोग करते हुए नई कलाकृतियां बनाई गई है, जिसमें कछुआ, सांपा, कुंआ की आकर्षक कलाकृति बच्चों को लुभाने का काम कर रही है। इस कार्य के साथ अन्य कामों को भी जल्द पूरा करते हुए बिलासा ताल को नए कलेवर में लाने का काम किया जा रहा है।

■ नए कलेवर में लाने का किया जा रहा है कार्य

बिलासा ताल का संचालन बिलासपुर वन मंडल की देखरेख में किया जाता है। बिलासा ताल उद्यान शहर से ज्यादा दूर नहीं है, जिसके बावजूद लोग वहां जाना पसंद नहीं करते थे। वर्तमान स्थिति में बिलासा ताल जो कभी साधारण सा दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, वह अब अपनी सुंदरता और आकर्षण से सबका ध्यान आकर्षित करने लगा है। यहां किए गए बदलाव के लिए विभाग ने कोई भारी भरकम राशि खर्च नहीं की है। इसके बजाय एक नई पहल के तहत पुराने और अनुपयोगी टायर से अद्भुत कलाकृतियां बनाई गई हैं, जो अब बिलासा ताल के आसपास एक नई कला की दुनिया का रूप ले चुकी है। इसमें मुख्य रूप से कछुआ, सांप, कुआं जैसे आकर्षक व अनोखी चीजें शामिल हैं, जो देखने में रोचक होने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। वन विभाग ने अनुपयोगी टायरों को उपयोग में लाकर न केवल कचरे का निस्तारण किया, बल्कि संजीव व रंगीन रूप में ढाला है। अब बिलासा ताल के आसपास की साज सज्जा भी चार चांद लगा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस कार्य को केवल बच्चों के आकर्षण के लिए किया गया है। वर्तमान में जो भी बच्चे बिलासा ताल में भ्रमण के लिए आ रहे हैं, उन बच्चों के चेहरों पर कलाकृतियों को देखकर मुस्कान आ रही है और वे घंटो इनसे खेलने के साथ आनंद भी ले रहे हैं।

### सजाया गया बैठक स्थान

बिलासा ताल में पुराने टायरों का उपयोग कर कलाकृतियां बनाने के साथ अन्य कार्यो को भी किया गया है। इसमें सैलानियों के बैठने के स्थानों को भी अलग-अलग रंगों से सजाकर आकर्षक बनाया गया है। रंगीन बैठने के स्थान ने बिलासा ताल के आसपास के दृश्य को भी जीवंत कर दिया है। सैलानी इन रंग बिरंगे स्थानों पर बैठकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के अलावा नई डिजाइन के बीच सेल्फी भी ले रहे हैं। इसके साथ ही पेड़ों को रंग रौगन कर उद्यान की सुंदरता को बढ़ाने का काम किया गया है। पेड़ों के तनों को रंग रौगन कर उन्हें एक ताजगी मिली है और उनकी रक्षा भी हो रही है।

### नगर वन भी शुरु किया

बिलासपुर वन मंडल शामिल किए फदहाखार में सिटी पार्क बनाने की योजना के तहत 1 करोड़ 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। पार्क बनाने से रेलवे क्षेत्र व बिलासपुर, बेलतरा व बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक नई सौगात मिलनी थी, लेकिन यह योजना भी कई दिन से अटकी पड़ी रही। 50 एकड़ में लोगों का अवैध कब्जा है, जहां झुग्गी झोपड़ी के अलावा पक्के मकान बन गए हैं। यहां अस्थायी रूप से एक बस्ती बस गई है। सिटी पार्क की योजना 350 एकड़ जमीन के लिए बनाई गई है, जिसकी राशि भी जारी हो गई है। इस प्रोजेक्ट पर भी काम की शुरुआत कर दी गई है। इसमें मुख्य रूप से बगीचे बनाने के साथ पाथ वे का निर्माण, फेंसिंग, लाइटिंग, बैठने के लिए गजीबों और टॉयलेट आदि का प्रबंध, तालाब क्षेत्र में फाउंटेन, पार्किंग, इंटरप्रिटिशन सेंटर, लॉन की सुविधा, बाउंट्रीवाल, एंट्रेंस गेट, लैंडस्कैपिंग, वाटर सप्लाई, ड्रेनेज, सिंचाई सिस्टम, बिजली संबंधित कार्य के अलावा, शेड, बच्चों के खेल उपकरण, ओपन जिम, बेरिकेटिंग, डस्टबिन, वेस्ट कॅरियर, प्री कास्ट सीटर का किया जा रहा है।



### तालाब के बीच पुल चारों ओर बाउंड्रीवाल

बिलासा ताल में सबसे अधिक परेशानियां असामाजिक तत्वों और मवेशियों से हो रही थी, जो बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण कहीं भी अंदर प्रवेश कर रहे थे। विभाग ने बिलास ताल के चारों ओर सीमेट की दीवार उठाकर बाउंड्रीवाल बनाने का काम शुरु कर दिया है। इसके साथ ही बिलासा ताल के बीच में बने सरोवर में एक नए पुल का भी निर्माण कार्य कराया जा रहा है, ताकि भ्रमण करने वाले सैलानियों को आनंद मिल सके।

### अगले माह से दिखेगा बदलाव

बिलासा ताल को नए स्वरूप में बनाने के लिए कार्य शुरु कर दिया गया है। चारों ओर बाउंड्रीवाल सहित टायर की कलाकृतियां, बच्चों के लिए बने गार्डन व अन्य कार्यो को किया जा रहा है। इस कार्य को मार्च तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है, जिसके बाद अप्रैल माह से बिलासा ताल सैलानियों को एक नए स्वरूप में नजर आएगा।

**-सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ,
वन मंडल बिलासपुर

## एलसीआईटी में विशेष प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस और योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स के संयुक्त प्रयास से शनिवार को विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें गैर-तकनीकी महिला स्नातकों के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की गई।

योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स जो कि योकोहामा इंडिया का एक प्रमुख भाग है। महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और उन्हें औद्योगिक क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल एलसीआईटी और योकोहामा के बीच एक सार्थक सहयोग का परिणाम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स ने उत्पादन इकाइयों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयास कर रही है। कंपनी ने ट्रक और बस रेडियल टायर निर्माण इकाई में भारत की पहली ऑल-विमेन क्रू को नियुक्त किया है। एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उप-प्राचार्य अभिनव पॉल, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अमित पांडे ने इस सफल आयोजन के लिए योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स की पूरी टीम को धन्यवाद दिया और सभी चयनित छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## अभिकर्ताओं ने राहुल गांधी से की मुलाकात



**बिलासपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम एवं बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा 1 अक्टूबर 2025 से लागू किए गए नए नियमों के विरोध में 19 मार्च को जीवन बीमा अभिकर्ता संघ के संयुक्त मंच के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। जीवन बीमा अभिकर्ता संघ के संयुक्त मंच के राष्ट्रीय प्रतिनिधी स्वरूप एसबीएस चारी, बी मार्केड्यूलु, एन गजपति राव, एस इमरान आलम, रणवीर शर्मा, प्रितपाल सिंग, वलेचा श्यामल चक्रवर्ती आदि ने पार्लियामेंट हाउस में श्री गांधी को विस्तार पूर्वक बदले गए नियमों के बारे सम्पूर्ण जानकारी दी। श्री गांधी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम को इस विषय पर सुदृढ़ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नियम हाशिए पर रहने वाले सबसे गरीब समुदाय के लिए बीमा को किफायती नहीं बनाते और इससे एजेंटों कि स्थिति भी कमजोर हुई है तथा एलआईसी के पूंजी का मूल्यांकन भी घट रहा है। बातचीत का ब्योरा अपने वाट्सएप चैनल पर साझा करते हुए लोकसभा नेता ने कहा कि एलआईसी कि स्थापना 1956 में सभी भारतीयों को किफायती बीमा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी, जिसकी समावेशी दृष्टिकोण की रक्षा सुनिश्चित करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सांसद में वह खुद उठाएंगे।

## बच्चों को मिली पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी



**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित आई किड्‌म किंडम स्कूल में कार्निवाल के दूसरे दिन अभिनव चंदेल, शशि गुप्ता एवं डॉ. श्रुति गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय इस कार्निवाल में बच्चे और पेरेंट्स बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्निवाल के दूसरे दिन सात्विक पटेल ने स्कैटिंग की कलाबाजियां दिखाई। साथ ही छोटे-छोटे और नन्हें मुन्ने बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूल के छोटे बच्चों को मुंबई से आई श्रीमती लेखना सिंह द्वारा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, थिएटर में एक्टिंग के बारे में बहुत ही बारिकी से जानकारियां दी। कुछ पैरेन्ट्स ने अपने बच्चों के साथ लाइफ का अनुभव शेयर किया और अपने बच्चों के बारे में खुलकर बात की। निकिता द्वारा कविता प्रस्तुत दी गई। शैलजा पाण्डेय ने नन्हा मुन्हा राही हूं गीत गाया। बनी कृपलानी और वैदिका गुप्ता ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने वेस्ट चीजों से क्रिएटिव चीजें बनाई, जोकि बहुत ही सुंदर थी। काव्यांश लालवानी एवं तन्वयी दुबे द्वारा एक लघुकथा व कहानी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट अभिनव चंदेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्कूल की टीम को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में एंट्री पूरी तरह फ्री है, जहां बच्चों को आकर्षक उपहार जीतने का मौका भी मिलेगा। ज्ञात हो करबला रोड स्थित यह आई-किड्स किंगडम स्कूल, बिलासपुर का एक उत्कृष्ट शिक्षण सेवा संस्थान है जो बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# संघ ने सदस्यता अभियान को बढ़ाने का लिया निर्णय

■ मासिक बैठक में होली समारोह का हुआ आयोजन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की मासिक बैठक और होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को संघ कार्यालय में किया गया। बैठक में संघ के सदस्यों ने बिलासपुर में लाइब्रेरी एवं मुख्यालय के रायपुर स्थित भवन के मरम्मत के लिए बिलासपुर से सहयोग करने का निर्णय लिया।

संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि बैठक में संघ को मजबूत करने सदस्यता अभियान बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही कर्मचारियों से संबंधित लंबित मांगों को पूरा करने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण संबंधी विभिन्न पुस्तकों को कर्मचारी ग्रंथालय में रखने और सेवानिवृत्ति पदाधिकारी के लिए सम्मान समारोह करने के साथ ही रायपुर मुख्यालय के कर्मचारी भवन के मरम्मत पर जिला शाखा बिलासपुर द्वारा सहयोग करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा ने उपस्थित पदाधिकारी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा घोषणा पत्र में किए गए वायदा के अनुरूप केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान तथा अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने के कारण प्रदेश के कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है। बैठक के अंत में पदाधिकारी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन किशोर शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन रामकुमार यादव ने किया। बैठक में पवन शर्मा, ओम त्रिपाठी, चंद्रशेखर यादव, अमर पटेल, अरविंद गुप्ता, अजय धुर्वे, निरंकार तिवारी, अश्वनी पांडे, राजेश्वर वस्त्रकर, विनोद पांडे, दुर्गेश साहू, विनोद अहिरवार, ईश्वर पटेल, वृंदा दास मानिकपुरी, श्रीमती एम बंजारे, दीप्ति बाजपेई, मधुसूद, आर चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे




किसानों को 11 अंकों की मिलेगी विशिष्ट पहचान

# किसानों ने डिजिटल फार्मर आईडी के लिए कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्ड की तर्ज पर ही एग्री स्टेक परियोजना के तहत किसानों का फार्मर आईडी बनाया जा रहा है। अभी तक जिले के 63 हजार किसानों का फार्मर आईडी के लिए पंजीयन हो गया है और कृषि विभाग ने डिजिटल फार्मर आईडी बनवाने पंजीयन के लिए 30 मार्च तक की मोहलत दी है। पंजीयन पश्चाम किसानों को आधार आधारित 11 अंकों का एक यूनिक फार्मर आईडी मिलेगा, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेगा।

■ कृषि विभाग ने 30 मार्च तक पंजीयन कराने दी मोहलत

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री गतिशील योजना अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना तहत देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सभी कृषि भूमि का पहचान पत्र फार्म लैंड आईडी एवं कृषि भूमिधाक का पहचान पत्र फार्मर आईडी बनाया जाएगा। यह आधार कार्ड की तर्ज पर किसानों का पहचान पत्र होगा, जिससे किसानों को अपनी पहचान बताने के लिए किसी शासकीय कार्यालय के चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। एक तरह से यह कृषि के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की पहल है।

एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के सभी किसानों की डिजिटल फार्मर आईडी किसान कार्ड बनाया जा रहा है। वहीं कृषि भूमि को आधार से लिंक किया जाएगा। अभी तक जिले के 63 हजार किसानों का फार्मर आईडी कार्ड के लिए पंजीयन हो चुका है। इन किसानों को 11 अंकों का विशिष्ट पहचान पत्र जारी किया जाएगा।

### फार्मर आईडी कार्ड पर होगा पीएम सम्मान योजना जारी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अगली किश्त का हस्तांतरण फार्मर आईडी के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्देश जारी किया गया है इसलिए 30 मार्च तक सभी किसानों को डिजिटल फार्मर आईडी के लिए पंजीयन कराने कृषि विभाग की ओर से कहा गया है। पंजीकृत किसानों को कृषि योजनाओं के साथ-साथ उद्यानिकी पशुपालन और मत्स्य पालन विभाग आदि सभी का पारदर्शी रूप से सीधा लाभ संभव होगा। यदि किसान समय सीमा के भीतर पंजीयन नहीं कराते हैं तो शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

### आईडी कार्ड के लाभ

केन्द्र सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, एआईएफ, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना में किसानों को लाभ मिलेगा। कृषक पंजीयन की विशेषताएं हैं जिसमें सभी कृषि भूमि का विवरण भू-अभिलेख के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा। कृषक पंजीयन में मृतक भूस्वामी के स्थान पर वारिसान का नाम दर्ज करने की सुविधा होगी। कृषक पंजीयन में प्रत्येक भूखण्ड एक या एक से अधिक भूधारक के नाम दर्ज होगा। कृषक पंजीयन में प्रत्येक भूस्वामी का आधार नंबर प्रविष्टि होगा। कृषक पंजीयन में भूमि के खरीदी-बिक्री, उत्तराधिकार या बंटवारा के माध्यम से भू-अभिलेख दुरूस्त किए जाने पर स्वतः अद्यतन होगा।

22- MAR- BSP- P-4 ZIN_Layout 1 3/23/2025 12:22 AM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 23 मार्च 2025

विश्व जल दिवस

जल ही जीवन है



## सीवीआरयू में मनाया गया विश्व जल दिवस



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में शनिवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रेजेंटेशन, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल सफाई अभियान की शुरुआत भी की गई। एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स ने जिला प्रशासन के साथ बिलासपुर के अरपा नदी में सफाई अभियान चलाया। इसके साथ विश्वविद्यालय के अमृत सरोवर में भी विद्यार्थियों ने सफाई की। यह आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री, सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी, डिपार्टमेंट ऑफ सोशल साइंस, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट गाइड एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

**पोस्टर प्रेजेंटेशन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन**

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हर व्यक्ति अपना सहयोग दे तो हम जल को प्रदूषित होने से रोक सकते हैं। वैश्विक स्तर पर एक सकारात्मक बड़ा परिणाम आ सकता है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने वैश्विक स्तर पर जल प्रदूषण एवं निदान के बारे में जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि हमें जल संरक्षण को अपनी जीवन शैली में शामिल करना होगा। तभी हम समाधान की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। प्रकृति को माता की दृष्टि से देखना होगा। उन्होंने कहा तभी हम मीठा और शुद्ध जल भविष्य के लिए छोड़ पाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय की अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि जल अपनी कोई वस्तु नहीं है, यह जीवन निर्माण के लिए आवश्यक तत्व है। इसलिए हमें सीधे तौर पर इसे जीवन से जोड़कर देखना होगा। तभी हम इसके संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। स्वागत भाषण साइंस के डॉ. ए के श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम का आभार प्रकट डॉ. रश्मि वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रह्मेश श्रीवास्तव ने किया। रिसोर्स पर बड़ी संख्या विद्यार्थी एवं भाटापारा महाविद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

### एनसीसी एनएसएस भारत स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने चलाया अभियान

जल विश्व जल दिवस के अवसर पर एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने वृहद जल सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विश्वविद्यालय की टीम बिलासपुर के अरपा नदी पहुंची, जहां उन्होंने जिला प्रशासन एवं नगर निगम के साथ मिलकर अरपा नदी की सफाई की। इसके साथ-साथ रानी सागर गांव में तालाब की सफाई भी विद्यार्थियों ने की। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थापित अमृत सरोवर को भी साफ किया।

### पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

विश्व जल दिवस की अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्वेता वैष्णव, द्वितीय पुरस्कार मानसी गुप्ता को प्रदान किया गया। इसी तरह पेपर प्रेजेंटेशन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार सरिता दिवाकर, द्वितीय पुरस्कार देवव्रत यादव, तृतीय पुरस्कार नेहा साहू को मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वाति वर्मा, द्वितीय पुरस्कार विनय कुमार और तृतीय पुरस्कार शबि शर्मा को मिला।

# अरपा की सफाई के लिए जुटे शहरवासी

## विश्व जलदिवस पर जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठन समेत आमजनों ने किया श्रमदान

### खुद के साथ दूसरों को भी करें जागरुक- कुलपति बाजपेयी

इस अवसर पर कुलपति एडीएन वाजपेयी ने कहा की अरपा के संवर्धन-सरंक्षण और जल को बचाने के लिए शुरू किया गया यह एक पुनीत अभियान है। अरपा बिलासपुर की जीवनदायिनी है और इसे संवारने हम सभी को अपने जीवन में एक सूत्र को अपनाना होगा। वह यह की अरपा नदी में हम वह ना फेंके या प्रवाहित ना करें जिसे हम ना खुद खा सकते है और ना पचा सकते हैं। अरपा नदी के संवर्धन के लिए और बिलासपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए खुद से जागरूक होना होगा और दूसरों को भी करना होगा।

### स्वच्छ रखने में हर नागरिक की सहभागिता हो- महापौर विधानी

महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा की अरपा हमारी मां है,उसकी सफाई के लिए उमड़ा यह जनसैलाब यह दिखलाता है की सभी शहरवासियों के दिल में अरपा बसी है। महापौर ने कहा की हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अरपा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए प्रयास करने की जरूरत है,इसके लिए आज हम सब यह प्रण लें की अरपा नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हम सबका योगदान हो। शहर को भी स्वच्छ रखने में हर नागरिक की सहभागिता हो ताकि हमारा शहर नंबर वन बन सकें।

### स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना ही होगा- कलेक्टर

कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा की अरपा नदी बिलासपुर की पहचान है और आज विश्व जल दिवस के अवसर पर इसे संवारने की शुरूआत की गई है,स्वच्छता को जब तक हम अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे तब तक किसी भी नदी को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता,इसलिए जरूरी है की नदी के जतन के लिए सब मिलकर कार्य करें और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिलासपुर पधार रहे हैं,उनके आगमन के पूर्व पूरे जिले में स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है।

### उत्थान के लिए सबको जिम्मेदारी तय करनी होगी- एसएसपी

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा की अरपा बिलासपुर की जीवनरेखा है। इसके उत्थान के लिए हम सबको अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी। स्वच्छता एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। हमें अपने आस-पास स्वच्छता का वातावरण बनाए रखना होगा। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया की पीएम नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर पखवाड़े भर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अरपा नदी को संवारने अभियान की आज शुरूआत की गई है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्य योजना तैयार कर अभियान को गति दी जाएगी। आमजन को इस कार्य में जोड़ने और प्रेरित करने के लिए आज अरपा उत्थान अभियान का शुभारंभ किया गया है।

### हाईकोर्ट ने भी दिए हैं निर्देश

ज्ञात हो कि अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए समय समय पर हाईकोर्ट द्वारा भी निर्देश दिए गए है, जिसके परिपालन में प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। अरपा नदी को दूषित होने से बचाने और उसके संवर्धन के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनाओं पर कार्य भी किया जा रहा है जिसमें सबसे पहला नदी में नाला के गंदे पानी को रोकने के लिए चार एसटीपी निर्माणाधीन है जिसका अंतिम चरण चल रहा है। इसके अलावा निगम द्वारा शनिचरी,तिलक नगर और चिंगराजपारा में अलग से तीन नए एसटीपी का प्रस्ताव तैयार किया गया है।





कुलपति, महापौर, कलेक्टर, एसपी सहित सभी ने किया श्रमदान

**बिलासपुर।** अरपा के संवर्धन और सफाई के लिए विश्व जल दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा छेड़े गए अभियान" अरपा उत्थान" में अपनी अरपा को स्वच्छ करने शनिवार को पूरा बिलासपुर रामसेतु मार्ग में इकट्ठा हुआ। प्रशासन के साथ मिलकर सभी ने इंदिरा सेतु से रामसेतु तक श्रमदान कर नदी की सफाई की। इसमें करीब 2 हजार लोगों की भागीदारी रही। सफाई अभियान के दौरान जलकुंभी, कचरे को हटाने के लिए निगम द्वारा 6 जेसीबी, 9 ट्रैक्टर 2 कांपेक्टर,1 डोजर, 5 टिपर इंतजाम किया गया था, जिसमें जन सहयोग से कचरा और जलकुंभियों को निकाला गया।

इस अभियान के लिए सुबह से लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो चुकी थी। बिलासपुरियंस ने इंदिरा सेतु से रामसेतु तक अरपा नदी की सफाई की और वहां मौजूद कचरा और गंदगी को निकाला। इस अभियान में विशेष रूप से अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलपति एडीएन वाजपेयी, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, कलेक्टर अवनीश शरण, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम कमिश्नर अमित कुमार उपस्थित थे। सभी ने श्रमदान भी किया। इस अभियान को सफल बनाने में सभी शासकीय विभाग के कर्मचारी,सामाजिक और राजनीतिक संगठन, एसईसीएल, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल बिहारी वाजपेयी विवि, समेत विभिन्न संस्था एवं आमजनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में सभी एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने भी श्रमदान किया।

## भारतीय संस्कृति में जल को मिला है प्रमुख स्थान



विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर जल पर्यावरण विमर्श विषय पर संगोष्ठी अग्रसेन चौक स्थित पर्यावरण परिषद के कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। आयोजन पर्यावरणविद डॉ.बृजेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, एमपी साहा की अध्यक्षता, एसपी मिश्रा एवं रोहित चंद्रौल के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

पर्यावरणविद् डॉ.बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी में संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के मुख्य घटक के रूप में जल को भारतीय संस्कृति में प्रमुख स्थान प्राप्त है। मनीषियों ने जल ही जीवन है सूक्त का उद्घोष किया है। वेद शास्त्रानुसार जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण परम पुनीत कार्य है। ऋषियों ने प्रकृति के घटक नदियों, पर्वतों, वनों को पूज्यनीय माना है तथा इनका संरक्षण पुण्य प्रकल्प माना गया है। अध्यक्ष एमपी साहा ने वर्तमान में पर्यावरण के प्रति उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण के प्रति प्रत्येक जन को सामने आने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि एसपी मिश्रा व रोहित चंद्रौल ने अपने वक्तव्य में कहा कि विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के द्वारा जलाशय का निर्माण कर जल संरक्षण का जमीनी स्तर पर कार्य किया गया है तथा हजारों पौधों का रोपण कर वृक्ष बनने तक संरक्षण करना समाज के लिए अनुकरणीय कार्य है। विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद द्वारा तीन राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन कर सन 2012 में 600 पृष्ठीय शोधग्रंथ पर्यावरण विमर्श का प्रकाशन किया गया है जो अनेक शोध कार्यों में संदर्भ ग्रंथ के रूप में उपयोगी सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर रंजीत सिंह चौहान, आरपी ओझा, विनोद सिंह, एके सोनी, विनय सिंह, विजय बघेल, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, दुर्गेश श्रीवास, अनिल कुमार साहू, डेनियल जान सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। डॉ.बृजेश सिंह ने 'जल पर्यावरण विमर्श' शीर्षक से शोध संदर्भ ग्रंथ मई में प्रकाशित करने की घोषणा की।

### भारत माता इको क्लब ने मनाया अर्थ ऑवर व विश्व जल दिवस

## एक घंटे लाइट बंद कर वैश्विक तापमान को कम करने का दिया संदेश



भारत माता आंग्ल माध्यमिक शाला में शनिवार को इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य फादर सलीन के नेतृत्व में अर्थ ऑवर और विश्व जल दिवस को संयुक्त रूप से मनाया। इस दौरान छात्रों ने एक घंटे लाइट बंद कर वैश्विक तापमान को कम करने और ग्लेशियर की रक्षा करने का संदेश जन सामान्य को दिया।

यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में धरती के लिए सबसे बड़ा वैश्विक कैंपेन है। जब 190 देशों के लोग एक घंटे के लिए सभी गैर-ज़रूरी लाइटें बंद करने के लिए एक साथ आते हैं, तो यह सामूहिक कार्रवाई की शक्ति को दर्शाता है। स्विच ऑफ आंदोलन इस साल 22 मार्च को रात साढ़े 8 से साढ़े 9 बजे तक मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय इसे धरती के लिए सबसे बड़ा घंटा बनाएं रखा गया। उन्होंने इस कैंपेन में अपने दैनिक जीवन में एकल उपयोग में आने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक का अपने दैनिक जीवन में उपयोग नहीं करने, कचरे का उचित निष्पादन करने, घर से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में डालने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर के डॉ अमर प्रकाश सावंत, उनकी टीम एवं शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया। ईको क्लब के सदस्यों ने घर-घर जाकर हरा गीला, सूखा नीला हर दिन दो बिन का संदेश दिया। इस कैंपेन में आदर्श इक्का, अभिजीत भारद्वाज, रोनित देव महतो, हर्षित देवांगन, अनिरुद्ध बंजारे, कृष्णा रजक, विनायक चौधरी, हिमांगी हालदार, पूनम सिंह एवं पानू हालदार उपस्थित रहे।



## पानी के संरक्षण, संवर्धन के लिए हो सामूहिक प्रयास

नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान में विश्व जल दिवस पर संयोजक इंसानियत का सफर फाउंडेशन ने भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता का उद्देश्य अमूल्य जल के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। जिला जल संसाधन विभाग, प्रार्थना भवन में प्रतियोगिता का विषय जल संरक्षण था, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि के रूप में रेहाना तबस्सुम उद्घोषिका आकाशवाणी बिलासपुर, मोना केंवट कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना पीएनएस कॉलेज बिलासपुर, ओमल सिंह वर्मा आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विशाल आनंद, द्वितीय आयुष वर्मा, तृतीय नमामी त्रिपाठी रही। सांत्वना पुरस्कार अलीना मायशा और निखिल को दिया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की राष्ट्रपति अवॉर्डी स्वयं सेवक अलीशा फातिमा अंसारी एवं संचालन अंकिता मरावी, प्रबंधक मुहम्मद बाकर ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे और पानी के संरक्षण, संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों और जागरूकता पर बल दिया।

# अष्टमी पर शीतला मंदिरों में विशेष पूजा

### अठवाही चढ़ा दिया गया कुंवारी कन्याओं को दान



**बिलासपुर।** शहर के शीतला मंदिरों में शीतला अष्टमी पर शनिवार को विशेष पूजन कर अठवाही चढ़ाई गई। कुंवारी कन्याओं को दान किया गया। कई लोगों ने व्रत भी रखा।

जीडीसी चौक स्थित शीतला मंदिर के पुजारी पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि शीतला अष्टमी को बसौड़ा पूजा के नाम से जाना जाता है। इस शुभ दिन पर मां पार्वती के अवतार शीतला माता की पूजा-आराधना का विधान है। यह पूजा विभिन्न बीमारियों को ठीक करने में मदद करने वाला माना जाता है। शीतला पूजा के दौरान माता को ठंडा भोग लगाया जाता है। अष्टमी पर उनके द्वारा भी शीतला मंदिर में षोडषोपचार पूजन कर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। माता को अठवाही चढ़ाकर कन्याओं को दान किया गया।

### विनोबा नगर में पूजा, आरती कर बंटा प्रसाद

विद्या, विनोबा, क्रांति शेष नगर दुर्गा पूजा सेवा समिति ने एल-2, एल-3 विनोबा नगर सामुदायिक भवन में पं. अमित चक्रवर्ती के सानिध्य में विधि-विधान से श्री शीतला अष्टमी पूजा की। विनोबा नगर दुर्गा पूजा समिति ने पूजा के बाद पुष्पांजलि व हवन किया। चेयरमैन सुब्रत बैनर्जी, अध्यक्ष बीसी गोलदार ने सभी की कुशल मंगल के लिए प्रार्थना की। सचिव अमित चक्रवर्ती ने श्री शीतला माता पूजा आयोजन एवं भोग प्रसाद वितरण की तैयारी की। पार्षद किरण मंजित गोस्वामी तथा पार्षद गणेश रजक ने भोग प्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई। सुब्रत चक्रवर्ती, संजय मुखर्जी, अशोक बोस, बारिब्रत, प्रदीप बिश्वास, संगीत मोइत्रा, शैलेष के प्रसाद वितरण में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शाम को आरती पश्चात भजन कीर्तन किया गया। अंत में दुर्गा पूजा समिति की वरिष्ठ सदस्या स्व. प्रमिला गुप्ता के आकस्मिक निधन पर समिति ने शोक प्रस्ताव पारित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रिंकू मित्रा ने श्रीमती गुप्ता की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आरएन चटर्जी, लीना बैनर्जी, अनिता गोलदार, बंदना, काकोली, दीपा, शिबानी, सपना, जाना, सत्यजीत भौमिक, अजय राय, राजा दास गुप्ता उपस्थित रहे।



# महिला उद्यमियों के लिए शीघ्र होगा प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** नीति आयोग छत्तीसगढ़ राज्य की उपाध्यक्ष नूपुर गोहरी के नगर आगमन पर महिला उद्यमी संघ बिलासपुर की सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। ब्लेस यूनीसेक्स फैमिली सैलून में आयोजित बैठक में सुश्री नुपूर ने बताया कि नीति आयोग शीघ्र ही महिला उद्यमियों के लिए एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा।

- **नीति आयोग की उपाध्यक्ष नूपुर ने बैठक में दी जानकारी**

बैठक में ब्लेस की संचालिका सायमा खोखर ने महिला उद्यमियों के सामने में आने वाली समस्याओं से सुश्री नुपूर को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं पूरी सशक्तता के साथ बिजौड़ी, पापड़ बनाने सहित कई लघु उद्योग का काम कर रहीं हैं, पर उन्हें अपने इस काम को बरकरार रखने कई दिक्कतें आ रहीं हैं। उनकी सबसे बड़ी समस्या फाइनेंसियल है। दूसरी बात उन्हें अपना प्रोडक्ट बेचने ठीक से मार्केट भी नहीं मिल रहा है। पर्याप्त लोन भी मिलना मुश्किल रहता है। वहीं कोई ऐसी संस्था नहीं जो महिलाओं को प्रमोट करें। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने काम को लेकर काफी मेहनत कर रहीं हैं पर उन्हें प्लेटफार्म व नाम नहीं मिल पा रहा है। सरकार के सपोर्ट के साथ अच्छा मार्केट मिल जाए तो यहां की महिलाएं परचम लहरा सकती हैं।



इस पर सुश्री नूपुर ने समस्याओं पर ध्यान देने और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया और कहा कि शीघ्र ही प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर सायमा खोखर, सोनल अग्रवाल, रोमी लूथरा, प्रभा मूर्ति बिंदु, आशा सुबोध, ट्रेजा शाहीस्ता अंसारी, वर्षा उपस्थित थीं।

उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान, विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा हेतु संकल्प

# केन्द्रीय मंत्री तोखन ने अपने विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम एवं फर्नीचर की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

केन्द्रीय आवासन व शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने स्कूली दिनों की यादों को संजोते हुए उसी विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम व अध्ययन हेतु आधुनिक फर्नीचर की सुविधा प्रदान की।

इस पहल के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मानकों के अनुरूप मुंगेली और बिलासपुर जिले के सरकारी विद्यालयों में 250 ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं। जिनकी लागत लगभग 24 लाख रुपए है। श्री साहू ने यह कार्य हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर फंड के माध्यम से पूरा कराया।


केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का अभिवादन करते हुए।


स्कूल को दिए गए फर्नीचर का अवलोकन करते हुए।

इस पहल से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेमरसल मुंगेली व शासकीय हाई स्कूल, बछालीखुर्द बिलासपुर के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर श्री साहू ने विद्यार्थियों से अपने स्कूली दिनों की यादें साझा कीं और कहा, कि "सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी आधुनिक सुविधाएं मिलनी चाहिए। बेहतर शैक्षिक वातावरण से ही उनका समग्र विकास संभव है।" इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शांति देवचरण भास्कर, अनिता कोमल साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान कोयलारी संकुल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। पोषण साहू प्राचार्य, कोयलारी संकुल को उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान प्रदान किया गया। शत्रुघ्न साहू व लक्ष्मण पात्रे को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे भी शिक्षा क्षेत्र में सहयोग का आश्वासन दिया।



बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह देव नाथ मंदिर हाँफा
हिंदू नव वर्ष बांसती (चैत्र) नवरात्रि पर्व
दिनाँक 30 मार्च दिन रविवार से 6 अप्रैल दिन रविवार 2025 तक
प्रतिदिन भजन कीर्तन जस गीत एवं प्रसाद भंडारा
Dhanesh upadhyay shop
मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित घृत 2051 तेल 851
संपर्क- आचार्य धनेश उपाध्याय हाँफा बिलासपुर (छ.ग.) 9109095274
नोट- online QR कोड के माध्यम से मनोकामना ज्योति कलश का पैसा आप दे सकते हैं और रसीद प्राप्त कर सकते हैं


।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।। ।। ऊँ श्री भैरवाय नमः ।।
श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर
घृत ज्योति कलश 2100/- रु. तेल ज्योति कलश 701/- रु.
बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 30.03.2025 से 06.04.2025
विशेष :- मार्गशीर्ष कृष्णा पक्ष अष्टमी को श्री भैरव जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।
प्रतिदिन भंडारा
मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना एवं विसर्जन मुख्य ज्योति कलश के साथ होगे।
निम्न स्थानों से मनोकामना ज्योति रसीद प्राप्त करें- सिद्ध पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर कार्यालय-रतनपुर, शिव स्वीट्स, नया बस स्टैंण्ड-रतनपुर, सुभाष किराना स्टोर्स-पुराना बस स्टैंण्ड, रतनपुर विजय साउण्ड सर्विस-महामाया चौक, रतनपुर, दुबे कैसेट सेंटर भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर, विजय ज्वेलर्स, मेन रोड कटघोरा, जायसवाल मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैंण्ड, कोरबा, अग्रवाल मोबाईल-मुंगेली नाका, बिलासपुर, मिश्रा पुस्तकालय-गोल बाजार बिलासपुर, विनोद गोरख-ज्वाली पुल के पास, बिलासपुर, नीलकंठ रेस्टोरेंट-प्रताप चौक, बिलासपुर, रवि तम्बोली (सोनू), करैहापारा रतनपुर, पं. महेश्वर पाण्डेय-हांफा बिलासपुर, महामाया अनाज भण्डार-छुराकछार, कोरबा भारत होजियरी हाउस-पुराना बस स्टैंण्ड, बिलासपुर, वैष्णव न्यूज़ एजेंसी (पाली), संजय सोनी (पत्रकार) रतनपुर, कान्हा तिवारी जांजगीर, अनुभव तिवारी जांजगीर

पंडित जागेश्वर अवस्थी
पीठाधीश
प्रमुख श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरवबाबा मंदिर रतनपुर, मो. 96690-24000


बिलासपुर संभाग का पहला ISO 29990:2010 प्रमाणित संस्थान
MAHAMAYA PVT ITI GROUP
ADMISSION OPEN
योग्यता -10वीं /12वीं पास
(नियमित/पत्राचार) ओपन / स्वाध्यायी
◆ छत्तीसगढ़ ◆ उड़ीसा
उपलब्ध कोर्स

| क्र. | कोर्स | वर्ष | न्यूनतम आयु |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्युतकार | 2 वर्ष | 16 वर्ष |
| 2. | फीटर | 2 वर्ष | --"-- |
| 3. | कोपा | 1 वर्ष | --"-- |
| 4. | वेल्डर | 1 वर्ष | --"-- |
| 5. | डीजल मैकेनिक | 1 वर्ष | --"-- |


MR. SHATRUHAN SAHU
Secretory
Mahamaya Pvt. ITI
SMT. SANTOSHI SAHU
Director
Mahamaya Pvt. ITI
महामाया आई.टी.आई.
बस स्टैंड, रतनपुर | अशोक नगर (खमतराई) बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-05246, 99814-45780, 97534-33122, 99071-31896

सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट
रतनपुर (बिलासपुर छ.ग.) 495442 फोन: 07753-255526 मो. 7415617816
www.mahamayaratanpur.com, gmail- mahamayaratanpur2010@gmail.com
बासंती (चैत्र) नवरात्रि पर्व 30.03.2025 से 06.04.2025
चैत्र शुक्ल 01 रविवार दिनांक 30 मार्च 2025 प्रातः 08.00 बजे से
मांगलिक स्नान, द्वारपूजन, धूपपरिक्रमा, घटस्थापन देवी षोडशोपचार पूजन, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन, शतचण्डी यज्ञ, श्रीमद भागवतादि पाठ।
चैत्र शुक्ल 08 शनिवार दिनांक 05 अप्रैल 2025 सायं 06.00 बजे से
धूपपरिक्रमा, यज्ञवेदी पूजन, पुण्याहवाचन महाष्टमी पूजन, अष्टमी हवन रात्रि 01:00 बजे, पूर्णाहूति, यज्ञशांति पुष्पांजलि
चैत्र शुक्ल 9 रविवार दिनांक 06 अप्रैल 2025 महानवमी पूजन राजसी श्रृंगार
पूर्वान्ह 11.00 बजे राजसी नैवेद्य, कन्याभोज, ब्रह्मभोज अपरान्ह 04.00 बजे विसर्जन।

श्री महामाया देवी
प्रतिदिन सायं लाइव आरती दर्शन -
You Tube
SBI BANK ONLINE HDFC BANK
QR स्केन कर मनोकामना ज्योति कलश घृत/तेल/ दान कर सकते है।

श्री लखनी देवी
मनोकामना ज्योति कलश तेल 700/- घृत 2100/-
नि: शुल्क भण्डारा
आजीवन ज्योतिकलश तेल 31000/- घृत 51000/-
श्रीमद् भागवत कथा प्रवचनकारः पं. पारस चौबे (अमरकंटक वाले)
माता सेवा जसगीत गायन रात्रि 09.00 बजे से
सामूहिक विवाह अक्षय तृतीया दिनांक 30अप्रैल 2025
सामूहिक उपनयन संस्कार दिनांक 02 मई 2025
मनोकामना ज्योतिकलश रसीद प्राप्ति की अधिकृत स्थान
रतनपुरः- सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामायादेवी मंदिर ट्रस्ट, मोतीचंद जायसवाल, मनराखन जायसवाल (अधिवक्ता), संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, किसन तम्बोली, आनंद जायसवाल, शिव स्वीट्स एवं पान भण्डार, अमृतपान भण्डार, अग्रवाल क्लाथ स्टोर, श्रीराम मेडिकल स्टोर, कौशिक स्टेशनरी एवं जनरल स्टोर्स, विजय साउण्ड सर्विस, श्री मेडिकल, डी.सी. यादव मॅडराः सतीश शर्मा भरारीः शशि कुमार मिश्रा, बिलासपुर आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष, निवास- नेहरु नगर, बृजमोहन अग्रवाल-विद्यानगर, बजरंग लोहिया आदित्य द रेमण्ड शाप-लिंकरोड, सुनील सोनथलिया सोनथलिया एजेंसी-व्यापार विहार, अनिल खण्डेलवाल मौसाजी स्वीट्स गोलबाजार, विनोद गोरख जूना बिलासपुर, अरुण शर्मा-वैशालीनगर फेस-2, राजेश कपिश शर्मा-एल-10 गली शेष कालोनी विनोबानगर, रितेश जूनेजा हिन्दुस्तान सेनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर्स गांधी प्रतिमा, शक्ति सिंह ठाकुर सरकण्डा, चेतनधर शर्मा (किलावार्ड जूना बिलासपुर), गोपाल गुप्ता महामाया प्रापर्टी डीलर मध्यनगरी चौक, राजकुमार खुशलानी भारत होजियरी पुराना बस स्टैण्ड, कपिल देव पाण्डेय जोरापारा, अभिषेक ट्रेडिंग कम्पनी शास्त्री मार्केट, श्रीवाच हाउस गोलबाजार, मिश्रीलाल मिश्रा पुस्तकालय गोलबाजार, रमन दुबे पत्रकार, साँवरिया स्टोर मारवाडी लाइन, गोयल सेल्स-व्यापार विहार, निशानिया ट्रेडिंग कं व्यापार विहार, नवीन परिहार पुलिस लाईन, नीलकंठ हाटल -प्रताप चौक, के. के. शर्मा पत्रका, रामेश्वर सोनी-हरिभूमि, जायसवाल पान सेंटर-मिशन हास्पिटल रोड, अग्रवाल मेडिकल एजेंसी, मेडिकल काम्प्लेक्स, गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेलीनाका, जी.पी. पाण्डेय भारतीय नगर, तिवारी पान सेंटर गेट-1 बुधवारी, शिवशक्ति प्रोविजन स्टोर्स- जरहाभाठा रोड, रामगोपाल तिवारी आईटीआई कोनी, आर. के. सोनी आर्किटेक्ट तेलीपारा, महामाया आईटीआई अशोकनगर, शिवशंकर प्रोविजन बृहस्पति बाजार, अनिल शर्मा शाप 26 भगत सिंह काम्पलेक्स व्यापार विहार, वेरायटी ट्रेडर्स प्रताप चौक, शकुन श्रृंगार भंडार गणेश चौक कोरबा अशोक जायसवाल मेडिल स्टोर पुराना बस स्टैण्ड। छुरी रामकृष्ण दुबे बाल्कोः गणेश पान भण्डार बस स्टैण्ड। पेंड्रारोड वस्त्रलोक पेंड्रा सुमीत मोटर्स। बाकीमोंगरा सरस्वती मेटल स्टोर्स एंड फोटोकापी। भिलाई शरद दुबे नगर निगम। मुंगेली डा. मुकेश मिश्रा एस.एन.जी. कालेज कोटा कुलवंत सिंह, कमल हार्डवेयर तखतपुर विनोद जायसवाल (अधिवक्ता), टेकचंद कारडा। कटघोराः परिधान। रायगढ़ जयप्रकाश केडिया। जांजगीर शंकर पान भण्डार। नैला अमिताभ शर्मा स्टेशन चौक। अकलतराः-चिरोंजीलाल अग्रवाल। पंडरिया महामाया मेडिकल स्टोर। लोरमी जयंती किराना स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल स्टोर। सीपत- दीपक तुलस्यान। सक्तीः गनपतलाल श्यामसुन्दर अग्रवाल।
जवारा हेतु उपरोक्त स्थान के अतिरिक्त कलमीटार भूपचंद शुक्ला, यशवंत विश्वकर्मा, कोटाः छेदीलाल गुप्ता बिलासपुर भागवत प्रसाद तिवारी अर्चना विहार, शशिकांत थवाईत (जूना बिलासपुर), विनिता विश्वकर्मा (हटरी चौक) राजेश सिंह ध्रुव (न.नि.बिलासपुर) रानीबछाली कमलेश शुक्ला भरारी उमाशंकर तिवारी गनियारी अर्जुन लाल उजागर। रतनपुर सुभाष अग्रवाल, नरेश सोनी, अनिल हेयर सेलून, सोमेश्वर चित्रकार, सालिक राम मरकाम।



# सनी की 'सफर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज!

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के धांसू एक्टर सनी देओल इस समय एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इस समय वो अपनी अपकमिंग एक्शन-ड्रामा 'जाट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो 10 अप्रैल के दिन रिलीज होने वाली है। अब जो लेटेस्ट रिपोर्ट्स सामने आई हैं उनके मुताबिक सनी देओल की फैमिली ड्रामा बेस्ड फिल्म 'सफर' को सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का मन लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 के अंत तक इसे ओटीटी पर रिलीज कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार सनी देओल की फिल्म 'सफर' में कोई एक्शन नजर नहीं आएगा। इस मूवी में सनी देओल को एक मिडिल ऐज फैमिली मैन के रोल में देखा जाएगा।

## लाइफ Style

# कियारा

## टॉक्सिक के लिए वसूली मोटी फीस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर एक्ट्रेस कियारा आडवाणी खूब चर्चा में है। एक्ट्रेस ने कुछ महीने पहले अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज फैंस संग शेयर की है। वहीं जल्द ही एक्ट्रेस यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए कियारा आडवाणी ने मोटी फीस वसूली हैं, जिसके बाद वो हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में भी शामिल हो गई है।

फिल्म 'टॉक्सिक' में कियारा आडवाणी लीड रोल प्ले करने वाली है। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के लिए कियारा आडवाणी ने 15 करोड़ रुपये लिए हैं। कियारा आडवाणी की बढ़ती पॉपुलैरिटी को देखते हुए मेकर्स ने आसानी से एक्ट्रेस को इतनी फीस दे दी है। अब कियारा आडवाणी दीपिका-प्रियंका जितनी फीस लेने वाली एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा ने साउथ की फिल्म 'एसएसएमबी 29' के लिए मोटी फीस वसूली थी। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए देसी गर्ल ने 35 करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर :** कियारा आडवाणी अभी फिल्म टॉक्सिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' में नजर आने वाली है। कुछ दिनों पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि प्रेग्नेंसी के कारण कियारा आडवाणी ने डॉन-3 करने से मना कर दिया है। अब फैंस बेसब्री से कियारा की फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2023 में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शादी की थी। अब कपल जल्द ही बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 देखने के बाद 4 घंटे तक रोई

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता-निर्देशक जेम्स कैमरून की अपकमिंग फिल्म 'अवतार 3' या 'अवतारः फायर एंड ऐश' इसी साल रिलीज के लिए तैयार है। जेम्स ने बताया कि जब उनकी पत्नी सूजी एमिस कैमरून ने पहली बार 'अवतार 3' के शुरुआती सीन को देखा, तो वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं और चार घंटे तक रोती रहीं। एक मैगजीन से बातचीत में कैमरून ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार अपनी पत्नी को साइंस-फिक्शन फिल्म का शुरुआती भाग दिखाया, तो वह भावुक हो गईं।



# रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 23 तक

**मुंबई।** महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अभिनेत्री शबाना आजमी ने रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल के अपकमिंग सीजन में फेम लेंस कैटेगरी का आयोजन किया। इस सेक्शन में दुनिया भर की महिला फिल्मकारों की असाधारण फिल्में दिखाई गईं। महिला दिवस पर आयोजित विशेष शोकेस में सिनेमा में महिलाओं की साहस, प्रतिभा और कहानी कहने की कला का जश्न मनाया गया। शबाना आजमी ने कहा, मुझे रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में 'फेम लेंस' श्रेणी के लिए बहुत खुशी हो रही है, जिसमें दुनिया भर की अद्भुत महिला फिल्मकारों की प्रतिभा का जश्न मनाने वाली इन असाधारण फिल्मों का चयन किया गया है। सिनेमा में सीमाओं को पार करने की शक्ति है। बुक माई शो द्वारा क्यूरेट रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल का दूसरा सीजन 21-23 मार्च तक चलेगा।




# 'जटाधारा' में सोनाक्षी का रौद्र रूप...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही है। अभिनेत्री फिल्म 'जटाधारा' में नजर आने वाली है। जी स्टूडियो ने सोनाक्षी का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। यह कोई और नहीं बल्कि वेंकेट कल्याण कि अपकमिंग फिल्म जटाधार है। आज मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा का फर्स्ट लुक शेयर किया है जो एकदम फायर लग रहा है। पोस्टर पर नजर डालें तो सोनाक्षी के बाल बिखरे हुए हैं, माथे पर मुकुट है आँखों में गुस्सा है और हाथों में ज्वेलरी है। इस रूप में मानो वह कोई रौद्र देवी लग रही हों। बात करें फिल्म की तो इसकि शूटिंग 14 फरवरी हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के साथ सुधीर बाबू पोसानी, शिल्पा सिरोड़कर, शिविन नारंग, रैना अंजली जैसे स्टार्स नजर आने वाले हैं।



# 'पुष्पा-3' की रिलीज डेट से उठा पर्दा...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक थी। फैंस ने इस फिल्म को काफी ज्यादा पसंद किया था। पुष्पा 2 के बाद से ही फैंस को पुष्पा 3 का बेसब्री से इंतजार था। अब पुष्पा 3 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस खबर को सुनकर फैंस के बीच काफी ज्यादा खुशी का माहौल है। आइए जानते है कि निर्माता ने क्या बड़ा अपडेट दिया है। हाल ही में फिल्म 'रॉबिनहुड' के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 को लेकर चुप्पी तोड़ी है। निर्माता रविशंकर ने कहा- 'पुष्पा 3' 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट 'पुष्पा 2: द रूल' की सफलता के बाद आया है। अल्लू की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म ने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की थी।

## टीवी मसाला

# 'गुम हैं किसी के प्यार' में सीरियल छोड़ते ही हितेश की चमकी किस्मत

**मुंबई।** टीवी के चर्चित एक्टर हितेश भारद्वाज ने अपनी एक्टिंग और अंदाज से इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाई है। हितेश भारद्वाज को आखिरी बार 'गुम है किसी के प्यार में' में देखा गया था, जहां उन्होंने रजत ठक्कर की भूमिका अदा की थी। हितेश भारद्वाज के इस किरदार



को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अप्रोच किया गया है और मेकर्स संग एक्टर की बातचीत जारी है। वहीं अब एक डेली सोप के लिए हितेश भारद्वाज का नाम फिर से सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हितेश भारद्वाज को सोनी टीवी के अपकमिंग शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स उन्हें शो में कास्ट करने के लिए बेताब हैं। हितेश भारद्वाज से जुड़े सूत्रों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, शो में हितेश भारद्वाज को कास्ट करने के लिए मेकर्स बहुत बेताब हैं। एक्टर को ये शो ऑफर भी किया जा चुका है, लेकिन देखते हैं कि मेकर्स संग ये बातें कहां तक जाती हैं। बताया जा रहा है कि इस शो को एसवीएफ प्रोडक्शन्स के बैनर तले तैयार किया जाएगा, जिसने बंगाली भाषा में कई हिट शो दिये हैं। हितेश भारद्वाज के साथ एसवीएफ प्रोडक्शन्स हिंदी भाषी इंडस्ट्री में हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। हालांकि अभी तक मामले पर हितेश भारद्वाज की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। बता दें कि हितेश भारद्वाज को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए भी अप्रोच किया गया था। शो को लेकर मेकर्स संग उनकी बातचीत जारी है, लेकिन अभी तक हितेश ने इसपर कोई कमेंट नहीं किया है।

## 'खतरों के खिलाड़ी 15' में होगी कई टीवी एक्टर की एंट्री

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी जल्द ही अपने धमाकेदार शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के साथ टीवी पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रोहित शेट्टी के 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अभी तक कई सितारों को अप्रोच किया जा चुका है, जिसमें चुम दरांग से लेकर टीवी की नागिन सुरभि ज्योति का नाम भी सामने आया। वहीं अब शो से एक और टीवी एक्टर का नाम जुड़ा है, जो छोटे पर्दे पर कई धमाकेदार सीरियल्स में अहम भूमिका अदा कर चुका है। शो को हिट बनाने के लिए मेकर्स एक से एक टीवी स्टार्स को अप्रोच कर रहे हैं। चाहे वो 'बिग बॉस 18' फेम अविनाश मिश्रा हों या फिर एरिका फर्नांडिस। अब मेकर्स ने 'अनुपमा' और 'कुंडली भाग्य' से सबका दिल जीतने वाले पारस कलनावत को भी अप्रोच किया है। अगर पारस कलनावत 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनते हैं तो ये उनका दूसरा रियलिटी शो होगा। क्योंकि इससे पहले उन्होंने 'झलक दिखला जा 10' में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।




# कॉमेडी मसाला है 'पिंटू की पप्पी', फुलटाइम पास फिल्म



**मुंबई।** सिनेमाघरों में हाल ही में डांस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की फिल्म 'पिंटू की पप्पी' रिलीज हुई है। फिल्म में कॉमेडी का तड़का है नए कलाकारों के साथ फिल्म मनोरंजन से भरपूर और फुल टाईमपास हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी फ़िल्मि को विधि आचार्य ने प्रोड्यूस किया है, इसे शिव हरे ने डायरेक्ट किया है।

हालांकि विजय राज फिल्म में स्पोर्टिंग रोल करते नजर आ रहे हैं। सुशांत थमके, जान्या जोशी ने इस फिल्म से डेब्यू किया है। फिल्म को 5 में से 3.5 स्टार दिए गए हैं।

### फिल्म की कहानी भी है बड़ी मजेदार

कहानी की बात करें तो कॉमेडी के कान्सेप्ट से इसे काफी मजेदार रखा गया है। फ़्लिम का हीरो प्रशांत बाबू उर्फ पिंटू है। इनकी बदकिस्मती ये है कि जब भी पिंटू किसी लड़की को किस करता है, तो वह किसी और से शादी कर लेती है। फिर एंट्री होती है हीरो के मामा यानि गणेश आचार्या की जो अपने भांजे की इस समस्या को क्वालिटी के रूप में इस्तेमाल करते हैं और लड़कियों की शादी करवाने का कारोबार शुरू करते हैं।

# महेश बाबू के बेटे गौतम का पहला एक्टिंग वीडियो हुआ रिलीज...

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी का एक्टिंग वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को महेश बाबू के फैन पेज ने शेयर किया है। इस वायरल वीडियो में स्टार किड अपनी क्लासमेट के साथ परफॉर्म करते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि महेश बाबू के बेटे गौतम घट्टामनेनी ही नहीं बल्कि उनकी बेटी सितारा भी सोशल मीडिया स्टार है। वो अपनी तस्वीरों सो सुर्खियां बटोरती हैं। वीडियो में गौतम को न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में अपने क्लासमेट के साथ एक ड्रामा करते हुए देखा जा रहा है, लेकिन इस वीडियो में आवाज नहीं है, केवल गौतम के हाव-भाव फैंस को दिखाई दे रहे हैं। इस वायरल वीडियो में गौतम घट्टामनेनी एक टक्सीडो लुक में नजर आ रहे हैं। बता दें गौतम ने 2024 में हैदराबाद के इंटरनेशनल स्कूल से अपनी स्कूल की पढ़ाई पूरी की है, उन्होंने एनवाययू में स्नातक की डिग्री हासिल की है।



### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

महेश बाबू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग ओडिशा में चल रही थी। इस फिल्म को एसएस राजामौली निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म एक जंगल एडवेंचर फिल्म है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म को 1000 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा भी नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार महेश बाबू की फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट 2027 में रिलीज होगा। वहीं दूसरा पार्ट 2029 में रिलीज हो सकता है।

# 'भूत बंगला' में हुई इस साउथ स्टार की एंट्री

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी भूत बंगला को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब इस फिल्म में साउथ के एक्टर की एंट्री हुई है। हाल ही शूटिंग सेट से तस्वीरें वायरल हुई है। जिसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण नजर आ रहे हैं। इस वायरल हुई फोटो में राम चरण निर्देशक प्रियदर्शन से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित भूत बांग्ला में अक्षय कुमार, परेश रावल, वामिका गब्बी, तब्बू, राजपाल यादव, जिशु सेनगुप्ता जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये फिल्म 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### जयपुर में चल रही शूटिंग

इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग जोरों से चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग अभी जयपुर मेंशन में चल रही थी। अब टीम ने अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर इस शूटिंग से तस्वीरें वायरल हुई है।

## गुमशुदा



गुमशुदा की तलाश नाम- पायल नेताम, रंग- गोरा, चिन्ह - बांए हाथ पर P लिखा हुआ, कद- 4 फुट 10 इंच, चिन्ह - घुंघरालू बाल, मानसिक स्थिति- अस्थिर, पुत्री श्री कमलेश नेताम, श्रीमती कुसुम नेताम, पता- लोधीपारा, पुराना सरकंडा बिलासपुर 495001 जो कि शनिवार दिनांक 09/03/2025 रात 12 बजे से घर से निकली है लापता है, अभी तक घर वापस नहीं आई, अगर किसी सज्जन को दिखाई दे तो कृपया इन नंबरों पर संपर्क करें
**7703077060, 8889158231**

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मौजा ग्राम महमंद पटवारी हल्का नं. 44 रा. नि.मं. सिरगिटटी, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 130/1 रकबा 0.2566 हे. है जो कि समस्त भू अभिलेख एवं राजस्व प्रपत्रो में श्री प्रकाश पाल, कमल पाल, ज्योति पाल पिता श्री कुंदनलाल पाल के नाम पर दर्ज हैं।

तथा उक्त खसरा मे से 1522 वर्गफूट भूमि को मेरे पक्षकार श्रीमति कविता मिरी पति श्री रामप्रकाश मिरी जाति सतनामी निवासी ग्राम भनेसर तहसील व थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा किया गया हैं तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि की पंजीयन होना तय हैं। यदि उक्त खसरा नं. के भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक 23/03/2025
भवदीय
धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)
कार्यालय लख्मी टॉवर व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग.) मो 9770849193

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मौजा ग्राम महमंद पटवारी हल्का नं. 44 रा. नि.मं. सिरगिटटी, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 130/1 रकबा 0.2566 हे. है जो कि समस्त भू अभिलेख एवं राजस्व प्रपत्रो में श्री प्रकाश पाल, कमल पाल, ज्योति पाल पिता श्री कुंदनलाल पाल के नाम पर दर्ज हैं।

तथा उक्त खसरा मे से 1200 वर्गफूट भूमि को मेरे पक्षकार श्री दिनेश कुमार रात्रे पिता श्री दादूराम रात्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम करहीडीह तहसील व जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा किया गया हैं तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि की पंजीयन होना तय हैं। यदि उक्त खसरा नं. के भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक 23/03/2025
भवदीय
धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)
कार्यालय लख्मी टॉवर व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग.) मो 9770849193

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मौजा ग्राम महमंद पटवारी हल्का नं. 44 रा. नि.मं. सिरगिटटी, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 130/1 रकबा 0.2566 हे. है जो कि समस्त भू अभिलेख एवं राजस्व प्रपत्रो में श्री प्रकाश पाल, कमल पाल, ज्योति पाल पिता श्री कुंदनलाल पाल के नाम पर दर्ज हैं।

तथा उक्त खसरा मे से 1522 वर्गफूट भूमि को मेरे पक्षकार श्रीमति ललिता पाल पति श्री दिगम्बर प्रसाद पाल निवासी ग्राम ग्राम भनेसर तहसील व जिला मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा किया गया हैं तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि की पंजीयन होना तय हैं। यदि उक्त खसरा नं. के भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक 23/03/2025
भवदीय
धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)
कार्यालय लख्मी टॉवर व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग.) मो 9770849193

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि भूमि स्वामी रामेश्वर सिंह मरावी, वेद प्रसाद, आन्नद स्वरूप, कृष्ण कुमार, वेद कुमारी, हेम बाई राज गायत्री, पिता सेवकराम, शकुन्तला पति सेवक राम, बलराम सिंह, देवनारायण सिंह, बिंदेश्वरी पिता दरबार सिंह के नाम पर स्थित मौजा खरकेना, हल्का नं. 36 रा.नि.म.अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर ख.नं. 955, 625/1 रकबा क्रमशः 0.09380, 0. 3600 कुल 1.2980 को मेरे आसामी अंकित ध्रुव पिता राकेश ध्रुव के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि दिया गया है जिसका निकट दिनो में पंजियन होना है। इस बावत किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, परिवार को किसी प्रकार का आपति हो तो इस सुचना प्रकाशन के सात दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित उपस्थित होकर दावा आपति प्रस्तुत कर सकते है। तथा बाद में कि गई आपति अमान्य होगी सो सुचना जाने।

**भवदीय**
**एडव्होकेट रत्ना साहू**
**जिला - न्यायलय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो-9039847756**

## न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर
## जिला बिलासपुर
### मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00033 चांटीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425400107400023

### ईशतहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00033 के अंतर्गत ग्राम चांटीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी सिंधु पति वामनराव अनिल कुमार अरविंदकुमार अभय पिता कुमार पि. वामनराव पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 30/7 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिल कुमार दीक्षित, अभय दीक्षित, रीतिका पटवर्धन पिता स्व वामान राव दीक्षित पता-चांटीडीह बिलासपुर तह व जिला बिलसपुर, सागर दीक्षित, दिव्या आलोक मिसर पिता अरविंद दीक्षित पता-चांटीडीह बिलासपुर तह व जिला बिलसपुर, मंजू दीक्षित पति-अरविंद दीक्षित पता-चांटीडीह बिलासपुर तह व जिला बिलसपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
**Mukesh Kumar Dewangan**
तहसील बिलासपुर


भारतीय सिंधु सभा बिलासपुर
सिंध जो मेलो में आप सभी का हार्दिक स्वागत है
दिनाँक : 23 मार्च 2025, दिन- रविवार
समय : शाम 06.00 बजे से
स्थान : साइंस कॉलेज मैदान, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग. )
सिंध जो मेलो
MOHIT LALWANI
अर्जुन तीर्थानी
शंकर मनचंदा, अध्यक्ष
राम सुखीजा, महामंत्री
कैलाश आयलानी, कोषाध्यक्ष
धनराज आहूजा
रमेश लालवानी
हरीश भागवानी
मनोहर पमनानी
नानक खटूजा
किशोर गेमनानी
विनिता भावनानी
डी. डी. आहूजा
नारायण उभरानी
अमर चावला
अमर पमनानी
जगदीश जज्ञासी
गरिमा शाहनी
अनीता आहूजा
रेखा आहूजा
अभिषेक विधानी
दयानंद तीर्थानी
राम लालचंदानी
महेश पमनानी
प्रताप राय आयलानी
मनोहर थौरानी
मोहन जैसवानी
भरत आडवानी
नंदू लाहोरानी
राम चावला
सुरेश जीवनानी
मोहन मोटवानी
श्रीचंद दयालानी
सतीश लाल
सीए कमल बजाज
धीरज रोहरा
विकास कुकरेजा
नरेंद्र हरियानी
नवीन जादवानी
मुकेश विधानी
हरगुन कारड़ा
अविनाश आहूजा
दिलीप घनश्यानी
हुंदराज मोटवानी
डॉ सतीश छुगानी
हरीश कोडवानी
दिलीप मनवानी
सुनील लालवानी
हरीश मोटवानी
हरीश थारवानी
नंदलाल पोपटानी
विनोद जीवनानी
शंकर नागदेव
विनोद रायकेश
जगदीश नागदेव
गुरबक्ष जैसवानी
विकास गुरवानी
संतोष बुधवानी
रमेश मेहरचंदानी
पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत
भारतीय सिंधु सभा एवं महिला विंग बिलासपुर
पूज्य सिंधी सेंट्रल युवा एवं महिला विंग

22 MARCH- BSP-PG-8_Layout 1 3/23/2025 12:33 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### छात्र से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूली विवाद में एक छात्र के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पंडरिया किशुनगढ़ निवासी विकास जायसवाल पिता गणेश जायसवाल अशोकनगर पेट्रोल पंप के पास किराए के मकान में रहकर डीएलएस कालेज में बीएम द्वतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 22 मार्च को सुबह 10 बजे एकता कालोनी निवासी देव ने उन्हें फोन कर अपने दुकान में मिलने के लिए बुलाया। वह नहीं आउंगा बोलकर फोन काट दिया। 12 बजे वह डीपी ल कालेज हनुमान मंदिर के पास गए तो देव द्वेदी ने कैसे नहीं आउंगा बोला था कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र विकास की रिपोर्ट पर हमलवार युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फांसी पर लटकी मिली बालक की लाश

**बिलासपुर।** हाथ टूट जाने पर बुआ के घर इलाज कराने आए 10 साल के बालक की फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया बेलगहना दारसागर निवासी मनमोहन पैकरा रोजी मजदूरी करते है। 26 जनवरी को खेलने के दौरान उनके 10 साल के बेटे विवेक पैकरा के हाथ की हड्डी टूट गई थी, उसके हाथ राड लगा हुआ है। दो दिन पहले वे इलाज कराने के लिए विवेक को सिरगिट्टी गोविंदनगर निवासी चचेरी बहन तुलकुंवर के घर छोड़कर चले गए थे। शुक्रवार को सुबह 10 बजे बुआ अपने परिवार के साथ बाहर चली गई। विवेक पैकरा घर में अकेले था। कुछ देर बाद सड़क पर काम करने वाले सफाई कर्मी आए, उन्होंने उनके घर के पोर्च की सीढ़ी की रेलिंग में बालक की फांसी पर लटकी लाश देखी। उन्होंने आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और फंदे से शव उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजन व दोस्तों से पूछताछ में कर गृत्थी सुलझाने में जुटी हुई है।

### शनि मंदिर में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** चोरों ने शनि मंदिर में धावा बोलकर चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर निवासी सौमित्र धर शनि मंदिर के सदस्य है। उन्होंने रिपोर्ट लिखाई 22 मार्च की सुबह 4.15 बजे मंदिर में साफ सफाई करने रमेश यादव गए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखें तो दान पेटी से 10 हजार रुपए, चांदी का मुकूट, पायल अन्य आभूषण लगभग 60 हजार का चोरी हो गई थी। मंदिर में चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने सौमित्र धर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

कर्मचारी जनदर्शन में महिला शिक्षिका ने की थी शिकायत, होगी विभागीय जांच

# शिक्षिका से अर्जित अवकाश के लिए रिश्वत मांगी, क्लर्क सस्पेंड, बीईओ को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधवा शिक्षिका से रिश्वत मांगने के मामले में कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। मामले में कोटा ब्लाक के बीईओ विजय तांडे को हटा दिया गया है।

बीईओ के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। कोटा बीईओ का प्रभार खुरदूर के प्राचार्य नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा को सौंपा गया है। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ क्लर्क एकादशी पोर्त को सस्पेंड कर दिया गया है। इसी क्लर्क ने महिला से अर्जित अवकाश की राशि भुगतान के लिए 1.34 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

दरअसल कोटा विकासखण्ड की शिक्षिका श्रीमती नीलम भारद्वाज ने पखवाड़े भर पहले कलेक्टर द्वारा आयोजित कर्मचारी जनदर्शन में एक शिकायत पत्र सौंपा था। उन्होंने बताया कि उनके शिक्षक पति के देहावसान उपरांत उनके स्वत्वों के भुगतान के लिए 1.34 लाख रुपए के रिश्वत की मांग की जा रही है। बीईओ को जानकारी देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके शिकायत को टीएल पंजी में दर्ज किया और जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए। जांच में महिला शिक्षिका द्वारा लगाया गया आरोप सही पाया गया।


बीईओ व बाबू पर आरोप — शिक्षक की मौत 10 महीने पहले हो गई है, शिक्षिका पत्नी ने की कलेक्टर से शिकायत

अर्जित अवकाश के लिए मांगी रिश्वत, कलेक्टर ने दिया जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विकासखंड शिक्षा अधिकारी और वहां के क्लर्क पर अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत करने के लिए एक लाख 34 हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। महिला शिक्षिका की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा विभाग को जांच करने कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में जांच टीम भी बना दी है। जानकारी के मुताबिक कोटा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पुष्कर भारद्वाज की मृत्यु 10 महीने पहले हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती नीलम भारद्वाज भी रतनपुर ब्लाक के छीनापारा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। पत्नी ने पति की मौत के दो महीने बाद मतलब कि 8 माह पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के मेडिकल अवकाश सेलरी (अर्जित अवकाश) की राशि की मांग की गई।

■ पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक की 10 माह पूर्व हुई थी मृत्यु

चेक तो बनाया लेकिन शिक्षिका को दिया नहीं

तीन सदस्यीय टीम जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

20 मार्च को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### जांच टीम ने सही पाई शिकायत

कलेक्टर से जब शिकायत हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और तुरन्त ही टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिए। जिला शिक्षा विभाग को इसका जिम्मा सौंपा गया है। शिक्षा विभाग ने भी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर लिया। इसी टीम ने जांच में पाया कि बीईओ विजय तांडे एवं लिपिक एकादशी पोर्ते ने मिलकर महिला शिक्षिका को परेशान किया। बिना रिश्वत लिए उनके वास्तविक स्वत्वों को भुगतान नहीं किया जा रहा था। जान बूझकर विलंबित एवं परेशान किया जा रहा था। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर बीईओ विजय तांडे को हटा दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। तब तक के लिए उन्हे खुरदूर कोटा में प्राचार्य पद पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया हैं। वहीं सहायक वर्ग 2 एकादशी पोर्ते को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में क्लर्क को रतनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में अटैच किया गया है।

### 10 माह से भटक रही महिला

दरअसल कोटा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पुष्कर भारद्वाज की मृत्यु 10 महीने पहले हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती नीलम भारद्वाज भी रतनपुर ब्लाक के छीनापारा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। पत्नी ने पति की मौत के दो महीने बाद मतलब कि 8 माह पूर्व विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के मेडिकल अवकाश सेलरी (अर्जित अवकाश) की राशि की मांग की। इस मांग पत्र के आधार पर बीई कार्यालय के क्लर्क और कुछ अधिकारियों ने 6 महीने के अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत की। बकायदा इसका चेक भी बन गया। इसमें 67 हजार रुपए प्रति महीने के हिसाब से राशि स्वीकृत की गई। इसके लिए लेकिन बाबूओं ने एक महीने की राशि रिश्वत के रूप में भी मांग ली गई। शिक्षिका पत्नी ने इसे देने से मना कर दिया और फिर से निवेदन किया। इस बार लेकिन विभाग के अधिकारियों और बाबूओं का लालच और बढ़ गया। चेक देने के एवज में शिक्षिका से दो माह की सेलरी एक लाख चौतीस हजार रुपए की राशि की मांग रिश्वत के रूप में की गई। बार बार निवेदन करने के बाद भी जब बीईओ आफिस के अधिकारी नहीं माने तो महिला शिक्षिका ने कलेक्टर से शिकायत की।

मुख्यमंत्री के सचिव ने प्रधानमंत्री के प्रवास की तैयारियों का लिया जायजा

# पीएम की सुरक्षा, प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों की सुविधाओं का भी रखें ध्यान


पीएम के कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेते मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद व वरिष्ठ अधिकारी।

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बोदरी तहसील के ग्राम मोहठ्ठा आने वाले हैं। वे विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ही विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को मुख्यमंत्री के सचिव ने लगभग एक घंटे तक सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक की तैयारी की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर 25 मार्च तक तमाम तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों की सुविधाओं का भी तैयारी में ध्यान रखा जाये। उन्होंने तेज गरमी और बरसात की संभावना को ध्यान में रखते हुए तैयारी करने की बात कही। सभास्थल के साथ-साथ पार्किंग भी पर्याप्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम है, जिसमें बिलासपुर के साथ राज्य भर से लोग पहुंचेंगे। उनके यहां आने-जाने में हितग्राहियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने चाहिए। सुरक्षा प्रोटोकाल के चलते दो-तीन घण्टे पहले हितग्राहियों को पहुंचना होगा। लगभग 2 लाख लोगों के समागम की संभावना है। श्री दयानन्द ने सभास्थल पर मुख्य मंच, हेलीपेड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच, हितग्राहियों एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने सभास्थल के समीप बनाये गये पार्किंग स्थलों का भी जायजा लिया। पार्किंग स्थल पर भी जनसुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके पहले कलेक्टर अवनीश शरण ने मुख्यमंत्री के सचिव को अब तक की तैयारी से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## तालापारा, ट्रैफिक थाने के पीछे संदिग्ध रूप से रह रहे दूसरे प्रदेश के 50 लोग पकड़े गए

■ सीएसपी के नेतृत्व में सिविल लाइन, सिरगिट्टी में हुई चेकिंग

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सीएसपी ने सरप्राइज चेकिंग चलाकर सिविल लाइन क्षेत्र में बिना सूचना के किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेशों के 40 से 50 लोगों को पकड़कर थाने में तलब किया है। इसी तरह सिरगिट्टी क्षेत्र में शराब दुकान के आसपास गुट बनाकर खड़े होने वाले असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा गया है। वहीं संदिग्ध दो बाइक जब्त की गई है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए एसपी रजनेश सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों को दूसरे प्रदेश से आकर रहने वालों की जांच व असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। शनिवार को सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने स्टाफ के साथ तालापारा में दबिश दी, यहां से बिना सूचना के किराए के मकानों में रहने वाले पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के 20 से 25 व ट्रैफिक थाना के पीछे किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेश के 10 से 15 लोगों को पकड़कर थाने ले जाया गया। उसके बाद सभी से शहर में आने व काम धंधा के संबंध में पूछताछ की। उसके बाद सभी संदिग्धों का फिंगरप्रिंट लिया गया है। संदिग्धों का फिंगरप्रिंट उनके संबंधित थानो में भेजकर जांच कराई जाएगी। अपराधिक प्रकरण पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### सिरगिट्टी में लाठी भांजकर खदेड़ा

शिकायत पर सीएसपी श्री परिहार व सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने स्टाफ के साथ विशेष अभियान चलाकर गोविंदनगर शराब दुकान के पास चारों ओर से घेराबंदी कर संदिग्ध रूप से गुट बनाकर खड़े असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा, इससे हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर सन्नाटा पसर गया। मौके से दो संदिग्ध बाइक बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह चौक चौराहे पर गुट बनाकर खड़े होने वाले असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



पकड़े गए संदिग्ध।

रायपुर से युवती गिरफ्तार

### फर्जी दस्तावेज से स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचा

**बिलासपुर।** फर्जी दस्तावेज के सहारे एक व्यक्ति को 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचने वाली एक युवक को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उसका साथी सरगना फरार है।



सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, वर्ष 2024 में मंगला शुभम विहार कालोनी निवासी कौसल कुमार एक व्यक्ति व युवती ने दस्तावेज सहित अपनी गाड़ी बताकर 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेच दिया था। बाद में उन्हें पता चला गाड़ी के दस्तावेज फर्जी हैं और गाड़ी दूसरों की है। 27 जून 2024 को उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी।

जांच में खुलासा हुआ कि मूलतः भिलाईगढ़ अम्बेडकर चौक हालमुकाम रायपुर टाटीबंद नगर निवासी नम्रता खुराना पिता रामनिवासी खुराना के बैंक खाते में खरीदी बिक्री की रकम ट्रांसफर हुई है। श्री साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रायपुर में दबिश देकर नम्रता खुराना को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके सहयोगी सरगना रायपुर टाटीबंद निवासी दानेश्वर निषाद पुलिस पकड़ से बाहर है। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## रेलवेकर्मी की पत्नी से लूट, फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चोरी के दौरान जाग जाने पर नकाबपोश चोर रेलवेकर्मी के पत्नी पर कांच से हमला कर मोबाइल लूटकर भाग गया था। पुलिस फरार नकाबपोश को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 27 मई 2024 को देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी एन नागराजू पिता एन व्ही एस शर्मा 40 साल पत्नी एन लक्ष्मी प्रसन्ना, पुत्री एन नीलिमा भोजन करने के बाद रात में सो गए थे। 5.15 बजे एन नागराजू की नींद खुली तो बेडरूम की आलमारी को खोलकर एक नकाबपोश तलाशी लेता दिखा, शोर मचाने पर उनकी पत्नी जाग गई। पति पत्नी ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो नकाबपोश पति पर कुर्सी से हमला कर दिया और खिड़की में लगे कांच से उनकी पत्नी के सिर पर हमला कर मोबाइल लूटकर दीवार फांदकर भाग गया था। पुलिस रेलवेकर्मी की रिपोर्ट पर नकाबपोश के पतासाजी में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई अभय सिंह बैस ने नकाबपोश सेंदरी आवासपारा निवासी नवीन दास पिता मंगलदास 25 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है।



### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

आरोपी नवीन दास ने लूट का मोबाइल सेंदरी आवासपारा निवासी करण सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी 24 साल को 4 हजार रुपए में बेच दिया। करण ने अपने भाई मनोज सूर्यवंशी के नाम पर सिमकार्ड लगाकर उसे चलाना शुरू कर दिया। मोबाइल चालू होते ही साइबर सेल को मोबाइल एक्टिव होने की जानकारी मिल गई। उसके बाद पुलिस ने खरीददार करण सूर्यवंशी को पकड़कर नकाबपोश लुटेरे को पकड़ा लिया। पुलिस ने खरीददार करण सूर्यवंशी को धारा 411 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## पीएम रिपोर्ट में ड्राइवर के हत्या की पुष्टि

**बिलासपुर।** कोटा कोयला साइडिंग में झारखंड के ड्राइवर की लाश मिलने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि की गई है। मृतक के पिता ने जमीन विवाद पर अपने छोटे भाई पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस जुर्म दर्ज आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कोटा थाना के एसआई राज सिंह ने बताया, झारखंड गढ़वा निवासी सुप्रीम कुमार पिता अजय कुमार 30 साल ड्राइवर है। उसके पिता कोरबा गेवरा में रहकर कोयला भरने का काम करते हैं। 10 मार्च को सुप्रीम कुमार ट्रेलर में कोयला लेकर खाली करने कोटा साइडिंग आया था और लापता हो गया। उसके पिता अजय कुमार ने सुप्रीम के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस गुम इंसान कायम कर पतासाजी में जुटी हुई थी। 15 मार्च को कोयला साइडिंग की झाड़ियों में सुप्रीम कुमार की लाश मिली थी। 21 मार्च को कोटा पुलिस को उसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली, जिसमें डाक्टर ने सिर में वार करने से हत्या होने की पुष्टि की। उसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक के पिता का अपने छोटे भाई मुकेश कुमार से जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इस पर मुकेश ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। 10 मार्च को मृतक कोयला खाली करने कोटा साइडिंग आया था। जहां उसके भाई मुकेश कुमार व चाचा भी कोयला खाली करने पहुंचे थे। पिता अजय कुमार ने छोटे भाई मुकेश कुमार पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें। संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### देर रात युवक पर लाठी से हमला, लूटा मोबाइल

**बिलासपुर।** देर रात काम कर पैदल घर जा रहे युवक पर तीन युवकों ने लाठी से हमलाकर मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, जांजगीर नैला निवासी विरेन्द्र कश्यप पिता बसंत कश्यप एसी मैकेनिक का काम करते हैं। 19 मार्च को सुबह 10 बजे दो दोस्तों के साथ ट्रेन से बिलासपुर आए और काम करने के बाद रात 2.30 बजे पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे। गणेशनगर चुचुहियापारा शारदा मंदिर के पास सड़क किनारे तीन लोग बैठे थे। युवकों ने उन पर लाठी से हमलाकर मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस ने श्री कश्यप की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

BHARGAVA UROLOGY Centre
Dr. Rahul Bhargava
M.S. M.Ch. Urology
Consultant Urologist & Andrologist
भार्गव यूरोलॉजी सेंटर
* किडनी की पथरी (Stone) का छोटे चीरे से ऑपरेशन (MINI PCNL)
* युरेटर एवं पेशाब नली का दूरबीन द्वारा इलाज
* पेशाब नली की सिकुड़न (Stricture) का दूरबीन द्वारा ईलाज।
* महिलाओं एवं बच्चों के पेशाब संबंधित समस्याओं का ईलाज।
* लिथोट्रिप्सी की सुविधा प्रत्येक शनिवार एन्ड्रोलॉजी क्लीनिक।
• सभी जनरल सर्जरी के ऑपरेशन की सुविधा
• लेप्रोस्कोपी से Gall Bladder, Appendix
स्मार्ट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
पता :- रिंग रोड नं.2, गौरव पथ मंगला चौक के पास बिलासपुर मो. 7389439337